* ओड़िशा संस्करण
05 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 76

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




प्रेरणा दिवस



# राजनीति का बेदाग चेहरा रामटहल चौधरी

## राम टहल चौधरी के 80 साल पूरे होने पर उत्साह का माहौल

**पूर्व** सांसद राम टहल चौधरी के जन्म दिवस को क्षेत्र की जनता प्रत्येक वर्ष पहली जनवरी को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाती है. आज इनका 80 साल पुरा हो रहा है. ओरमांझी स्थित उनके आवास राम भवन में बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहता है. कोई बुके लिए हुए तो कोई अपनी मनचाहा उपहार के साथ उन्हें बधाई देते हैं.

**राम टहल चौधरी की जीवनी:** इनका जन्म रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड के कुच्चू गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था. पिता दशरथ चौधरी,माता जगमनी देवी, बेटा सुनील कुमार चौधरी,रंधीर कुमार चौधरी, बेटी रेखा देवी व विमला देवी है. इनका शिक्षा कांके व रांची में हुआ. युवा अवस्था से ही गांव में गरीबी व शोषण को लेकर दुखी रहते थे. उन्होंने सोचा गांव में शिक्षा व जागरूकता के बिना इसे दूर करना संभव नहीं है. इसलिए 1964 में सामाजिक संगठन कुरमी विकास परिषद, 1965में ओरमांझी के युवक संघ से जुड़े. 1965 में ही मजदूरों का शोषण दूर करने के लिए ओरमांझी के महालक्ष्मी फाईबर फैक्ट्री, नालंदा सेरामिक्स गेतलसूद, गेतलसूद डैम के विस्थापितों, जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी, बीआईटी मेसरा कॉलेज, एलोएड स्टील पतरातु के मजदूरों के पक्ष में आंदोलन में भाग लिए.

**राजनीति में कदम....**

1967 में क्षेत्र में जनता के आग्रह पर चुनाव लडने की सोचें. उन्होंने निडर होकर संयुक्त बिहार के मुख्य मंत्री केबी सहाय के पास जाकर टिकट मांगे. उन्होंने कहा 50हजार रुपया है तब सोंचों चुनाव लडने का. कांके विधान सभा से श्री चौधरी ने निर्दलीय चुनाव लड़कर ढाई हजार वोट लाए. जुझारूपन को देख कर जनसंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा 1967 में अटल बिहारी वाजपेई के सानिध्य में शामिल हुए. उसी समय पंचायत चुनाव आ गया. उन्होंने अपने लोगों को ओरमांझी प्रखंड में मुखिया के लिए खड़ा किया. जिसमे 14 पंचायत में 12में जीत हासिल की. और श्री चौधरी प्रखंड प्रमुख बन गए. 1969 में कांके विधान सभा मे जनसंघ के टिकट पर कांग्रेस से 25 हजार वोट से पराजित हुए. 1972 में प्रसिद्धि में बढ़ोतरी हुई और इंदिरा गांधी के हवा में बड़े बड़े दिग्गज हार गए. परंतु इन्होंने 6 हजार वोट से विजय प्राप्त की.



### सामाजिक क्रांति के प्रणेता

राम टहल चौधरी शुरूवाती दौर से ही समाज में फैले कुरीति और अंधविश्वास के प्रति आगाह करते रहे. उसका पुरजोर विरोध किए. उन्होंने दहेज प्रथा और मृत्यु भोज में व्यर्थ का खर्च को समाप्त करना चाहते थे. साथ ही उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया. उनका मानना है कि एक नारी के शिक्षित होने पर परिवार शिक्षित होता है. वर्तमान समय में लडकी ही माता पिता की देख भाल कर रही है. साथ ही देश दुनियां में नाम कमा कर देश का गौरव बढ़ा रही है. वे समाज में फ़ैले शोषण और सामाजिक कुप्रथा से निजात पाने का एक ही हथियार है.और वो है शिक्षा. इसलिए गेब्स मिशन नमक ट्रस्ट के माध्यम से रांची जिला व अन्य स्थानों पर आरटीसी शिक्षण संस्थान खोले.

**जेपी आंदोलन का नव निर्माण समिति का कारवां को रोका**

जेपी आंदोलन के समय रांची में नव निर्माण समिति के द्वारा किया जा रहा विरोध प्रदर्शन में समिति के आंदोलन कारियो के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया. इसकी सूचना रांची में जंगल में आग की तरह फ़ैल गई. श्री चौधरी के पक्ष में 24 घंटा के भीतर सुजाता चौक से मोराबादी तक आक्रोशित लोग जुलूस निकाले. स्थिति तनाव पूर्ण हो गई.उसी समय बाबू जगजीवन राम रांची में थे. इनके जुलूस से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कौन लड़का का जुलूस है जिसने जेपी आंदोलन को रोक दिया. बताया गया कांके का विधायक राम टहल चौधरी का जुलूस है. बाद में मुख्य मंत्री अब्दुल गफूर ने संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई हुई.

**सबके चहेते हैं रामटहल चौधरी**

जनसंघ से निलंबित होने पर कांग्रेस के दिग्गज नेता उन्हे दिल्ली ले जाकर इंदिरा गांधी से मिलवाया. लालू प्रसाद यादव, सीपीएम व सीपीआई ने भी अपने दल से चुनाव लडने का आग्रह किया. परंतु श्री चौधरी ने इंकार कर दिया.अन्य दल में रहने के बावजूद मुख्य मंत्री जगरनाथ मिश्रा,केदार पांडेय, दरोगा राय, बिदेश्वरी दुबे, भागवत झा आजाद, कर्पूरी ठाकुर के चहेते बने रहे.

**पांच बार सांसद का सफर...**

1977 में निर्दलीय चुनाव में भाग लिए परंतु कांग्रेस ने अपना सिंबल दिया. लेकिन चुनाव हार गए. 1980 में निर्दलीय प्रत्यासी के रूप में 80 हजार वोट लाए. अब भाजपा का दौर आया. 1989 में 10 हजार वोट से पराजित हुए. 1991 में गृहमंत्री सुबोध कांत सहाय को डेढ़ लाख वोट से पराजित कर सांसद बने. बाद में पांच बार संसद चुने गए.

**झारखंड अलग राज्य के असली नायक**

जब प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मोराबादी के मैदान से घोषणा किए कि तुम मुझे सांसद दो मैं तुझे अलग राज्य दूंगा.इस पर छोटा नागपुर से 12 सांसद जीते. परंतु बिहार के दबाव में सांसद में अलग राज्य का बिल नहीं लाया गया. कहा गया छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के बाद बिल आएगा. संसद भवन में गहमा गहमी बहस के बाद श्री चौधरी के पक्ष में 12 सांसदों ने प्रधानमंत्री को इस्तीफा दे दिया. गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को सभी सांसद को मनाने के लिए जिम्मेवारी मिली. परंतु उनकी एक नहीं सुनी गई. दूसरी ओर शिबू सोरेन और करमचंद भगत श्री चौधरी को बार बार फोन करके अलग राज्य के लिए अड़े रहने की बात कर रहे थे. शिबू सोरेन ने यहां तक कह दिया कि चौधरी तुम्ही पर भरोसा है. यही मौका है. झारखंड लेने का. बाद में जब अटल बिहारी वाजपेयी को पता चला कि श्री चौधरी अड़े हुए है. तब वाजपेई ने 9 बजे दिन में आपात कैबिनेट की बैठक कर झारखंड अलग राज्य बनाने को राजी हुए. और अलग राज्य मिला. दिल्ली से लौटने पर श्री चौधरी का भव्य स्वागत किया गया. एयरपोर्ट से फिरायालाल तक उन्हें लोग पलकों पर बैठा कर जश्न मनाते आए. जगह जगह उनका स्वागत किया गया.



झारखंड अलग राज्य की मांग पर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को त्याग पत्र सौंपते हुए.



"शांतिप्रिय मृदुभाषी पूर्व सांसद **रामटल चौधरी** के जन्मदिन पर दिल से मंगलकामना"

**डॉ. रूद्रनारायण महतो**
निदेशक
आर.टी.सी. संस्थान, बूटी


"जिनकी उंगली पकड़कर बड़ा हुआ और उनके सानिध्य में जिंदगी के सफर में आगे बढ़ रहा हूं, वैसा महापुरूष को प्रणाम"



**रंधीर चौधरी**
पुत्र



झारखंड अलग राज्य मिलने पर दिल्ली से रांची लौटने पर रामटहल चौधरी का भव्य स्वागत



**प्यारेलाल महतो**
अध्यक्ष
गैब्स मिशन



**डॉ. पारसनाथ महतो**
सचिव
गैब्स मिशन



**मनेश महतो**
सचिव, आर.टी.सी.
पब्लिक स्कूल, केदल



**विकास कुमार**
प्राचार्य, आर.टी.सी.
इंटर कॉलेज, बुटी



**डॉ. शांति चौधरी**
प्राचार्य, आर.टी.सी.
हाइ स्कूल (जैक), बुटी



**डॉ. भीम महतो**
प्राचार्य, आर.टी.सी.
डिग्री कॉलेज, ओरमांझी



**सुरेश प्रसाद**
प्राचार्य, आर.टी.सी.
पब्लिक स्कूल, केदल



**अरूण कुमार**
प्राचार्य, आर.टी.सी.
हाई स्कूल, तुरमुली, बुड़मू



**सुशांत कुमार रथ**
प्राचार्य, आर.टी.सी. इंटर कॉलेज, उंधन, मनोहरपुर



**सुनील कुमार सिंह**
प्राचार्य, आर.टी.सी. हाई स्कूल सीबीएसई, बूटी



**रीता मुक्ता**
प्राचार्य, शिवाजी प्रतिभा विकास हाई स्कूल, दड़दाग, ओरमांझी



**ब्रज भूषण नीरज**
प्राचार्य, आर.टी.सी. कॉलेज दड़दाग, ओरमांझी



**नरेन्द्र नाथ महतो**
प्राचार्य, आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, अनगड़ा, रांची



**राजधन महतो**
प्राचार्य, आर.टी.सी. पब्लिक स्कूल, उंधन मनोहरपुर



**डॉ. ऋचा पदमा**
उप प्राचार्य, आर.टी.सी.
बी.एड. कॉलेज, बूटी, रांची



**तुलसी दास महतो**
प्राचार्य, आर.टी.सी.
पब्लिक स्कूल, सिंगपुर, मुरी



**जगदीश महतो**
प्राचार्य, आर.टी.सी. ग्राम विकास विद्यालय, पेरतौल, खटंगा, रांची.



**अरूण कुमार**
प्राचार्य, किसान हाई स्कूल
कुच्चू, ओरमांझी



**मनोरंजन प्रसाद**
विभागाध्यक्ष
आर.टी.सी. बी.एड. कॉलेज, बूटी



**सुमित राज**
प्रबंध निदेशक
आर.टी.सी. इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ओरमांझी, रांची.



**राहुल रंजन**
प्रशासक
आर.टी.सी. संस्थान
बूटी, रांची

ADVERTISEMENT

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,300 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में अब 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' का खेल

## ■ हेमंत सोरेन के तरकश में अभी कई तीर मौजूद, हरेक को आजमायेंगे

## ■ इडी और लिफाफे की तलवार से विचलित नहीं हैं

**झारखंड की राजनीति में नये साल के पहले दिन से शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल अब उस स्तर पर पहुंच गयी है, जहां झामुमो के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन और केंद्र सरकार-भाजपा के बीच 'तू डाल-डाल, मैं पात-पात' का मुकाबला शुरू हो गया है। इडी और राज्यपाल के जरिये हेमंत सोरेन को घेरने की कोशिशें फिलहाल सफल होती नहीं दिख रही हैं, क्योंकि झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री विधायकों का समर्थन हासिल करने के बाद पूरी मजबूती से डट गये हैं। वह अपने तरकश के तीरों को बेहद सतर्कता और चतुराई के साथ बाहर निकाल रहे हैं। राजनीतिक रूप से इस 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' का अंतिम परिणाम क्या होगा, इस बारे में कोई भी भविष्यवाणी करना फिलहाल तो असंभव है, लेकिन अब तक की परिस्थितियां बता रही हैं कि हेमंत सोरेन ने फिलहाल बाजी को अपने हाथ में ही थाम कर रखा है। इडी के समन और राज्यपाल के लिफाफे से वह जरा भी विचलित नहीं हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक दल की बैठक में जो कुछ हुआ, उससे तो यही लगता है कि हेमंत सोरेन और उनके सहयोगी हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। इसलिए उन्होंने विधायकों से ऐसी जगह पर रहने को कहा है, जहां से वे तीन घंटे में राजधानी पहुंच सकें। दूसरी तरफ भाजपा लगातार हेमंत सोरेन को घेर रही है, लेकिन हर बार बाजी उसके हाथ से निकल जा रही है। क्या हैं हेमंत सोरेन के पास विकल्प और क्या हो सकता है झारखंड में, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

सत्ता का खेल बड़ा निराला होता है। कब कौन अर्श से फर्श पर आ जाये या ला दिया जाये, इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। फिलहाल झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्थिति वैसी ही हो गयी है, जैसी कभी बिहार के मुख्यमंत्री रहते लालू यादव की हुई थी। हालांकि लालू के पास राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाने के सिवाय कोई विकल्प नहीं था, जबकि हेमंत सोरेन के पास कई विकल्प हैं। नये साल के पहले दिन इडी के सातवें समन, झामुमो विधायक डॉ सरफराज अहमद का इस्तीफा और विधि-व्यवस्था को लेकर राज्यपाल की टिप्पणी के साथ झारखंड में शुरू हुआ राजनीतिक बवंडर अब तक पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायक दल की बैठक में इस बवंडर को शांत करने की कोशिश जरूर की है, लेकिन भाजपा इस बार पीछे हटती दिखाई नहीं दे रही है। लेकिन जहां तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बात है, तो वह अब आर-पार की ही लड़ाई नहीं, पूरी तरह 'फरिया लेने' के मूड में नजर आ रहे हैं। इसलिए वह अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। कुल मिला कर स्थिति यह है कि झारखंड में सियासी संकट का सामना कर रहे हेमंत सोरेन के लिए अगले कुछ दिन अहम होनेवाले हैं। मौजूदा वक्त में सबकी नजरें मुख्यमंत्री के अगले कदम पर टिकी हैं।

झारखंड की सियासी बिसात उन 81 विधायकों के इर्द-गिर्द घूम रही है, जिनका बहुमत फिलहाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ है। यहां बहुमत के लिए कुल 41 विधायकों के समर्थन की जरूरत होती है। फिलहाल सत्तारूढ़ गठबंधन के पास 47 विधायक हैं। हेमंत सोरेन ने पिछले 29 दिसंबर को अपनी सरकार की चौथी सालगिरह मनायी। वह झारखंड के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री बन गये हैं, जिन्हें लगातार चार साल तक इस पद पर रहने का मौका मिला है। यही एक बात है, जिसे हेमंत सोरेन भुनाना चाहते हैं। वह कहते रहे हैं कि उन्हें गिरफ्तार करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन वह इससे नहीं डरते, क्योंकि वह शिबू सोरेन के बेटे हैं और संघर्षों से उनके परिवार का पुराना नाता है। उन्होंने अपनी कई जनसभाओं में यह सवाल उठाया कि आखिर क्या वजह है, जो कोई भी आदिवासी मुख्यमंत्री यहां अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाता। वह इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं।



### इडी से आर-पार की लड़ाई

हेमंत सोरेन यह भी कहते रहे हैं कि साल 2019 में उनके शपथ लेने के तुरंत बाद से उनकी सरकार गिराने की कोशिशें की जा रही हैं और भाजपा के नेता इसके लिए तरह-तरह की साजिशें रच रहे हैं। उन पर अनर्गल आरोप लगाये जाते रहे हैं और कहीं से सफलता नहीं मिलने पर उनके पीछे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अफसरों को लगा दिया गया है। इस बीच उन्होंने वैसे कई निर्णय लिये, जो सीधे-सीधे उनके वोटरों को टारगेट करते हैं। 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक, मॉब लिंचिंग रोकथाम से संबंधित विधेयक, निजी सेक्टर की नियुक्ति में भी झारखंड के लोगों के लिए आरक्षण, आदिवासियों और दलितों के लिए 50 की उम्र से ही वृद्धावस्था पेंशन की योजना, राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली जैसे निर्णय इसके उदाहरण हैं। इसी दौरान इडी के सात समन के बावजूद वह पूछताछ के लिए उपलब्ध नहीं हुए। 2 जनवरी की दोपहर इडी को भेजे अपने पत्र में उन्होंने इडी के समन को ही गैर-कानूनी बता दिया। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि अपने पत्रों को मीडिया में लीक कर इडी उनका मीडिया ट्रायल करा रही है। यह उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश है।

### हेमंत सोरेन के पास क्या हैं विकल्प

इस राजनीतिक हलचल के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 3 जनवरी को सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक बुलायी और साफ कर दिया कि वह स्थिति का सामना करेंगे। बैठक में विधायकों से रांची के आसपास ही रहने को कहा गया, ताकि अधिकतम तीन घंटे के भीतर वे रांची पहुंच सकें। इससे पहले हेमंत सोरेन ने उन तमाम खबरों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी को सीएम का पद सौंपने का फैसला कर लिया है और इसलिए गांडेय सीट खाली करायी गयी है। विधायक दल की बैठक से पहले हेमंत ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के निकट भविष्य में चुनाव लड़ने की संभावनाओं को खारिज कर दिया था। विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन के स्टैंड को देख कर समझा जा सकता है कि वह इतनी आसानी से हथियार नहीं डालनेवाले हैं। कल्पना सोरेन के नाम को खारिज करने के बाद भी हेमंत सोरेन पर यदि पद छोड़ने का दबाव बढ़ा. तो वह अपने पिता, यानी शिबू सोरेन को गद्दी सौंप सकते हैं। शिबू सोरेन आज भी झारखंड में ऐसा चेहरा हैं, जिनका विरोध करनेवाला झामुमो में कोई नहीं है। उस स्थिति में भी यदि उपचुनाव को लेकर पेंच फंसा, तो फिर अंतिम विकल्प के तौर पर हेमंत पार्टी के ही किसी वरिष्ठ विधायक को मुख्यमंत्री बनाने की पेशकश कर सकते हैं। इसके लिए उनके मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी और चंपाई सोरेन के नामों की चर्चा भी झामुमो खेमे में है। हालांकि हेमंत सोरेन ऐसा करेंगे, इसकी संभावना कम है। इसकी दो वजहें हैं। पहली तो यह कि सोरेन परिवार के अलावा दूसरे किसी नाम पर सहमति बना पाना मुश्किल होगा। दूसरी वजह यह कि बिहार में नीतीश कुमार- जीतन राम मांझी प्रकरण के बाद कोई भी नेता किसी अन्य नाम पर सोचने से परहेज करेगा। हेमंत सोरेन भी यह रिस्क नहीं लेंगे, क्योंकि उनके नेतृत्व में झामुमो ने पिछले चुनाव में अब तक की सबसे अधिक सीटें हासिल की हैं।

### विपक्षी खेमे की रणनीति

दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि उनकी पार्टी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिशों का विरोध करेगी। दरअसल भाजपा इस मुद्दे को अपने पक्ष में मोड़ना चाहती है। मरांडी ने इडी को भी शीघ्र कार्रवाई करने की सलाह दी थी। राज्यपाल से उन्होंने आग्रह किया कि वह वैसे किसी व्यक्ति को शपथ दिलाने के लिए आमंत्रित नहीं करें, जो विधानसभा का सदस्य नहीं है। अब उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग नहीं करेगी।

इस पूरे प्रकरण में यह याद रखना जरूरी है कि झारखंड में सत्ता का गणित इतना कमजोर नहीं है कि हेमंत सोरेन के हाथ से सरकार ही निकल जाये, क्योंकि कांग्रेस भाजपा के पक्ष में आ नहीं सकती। राजद को भी भाजपा फूटी आंख नहीं सुहाती। इसलिए फिलहाल तो बाजी हेमंत सोरेन के हाथ में ही दिखती है। लोकतंत्र में बहुमत की ही ताकत होती है और उसी ताकत की बदौलत हेमंत सोरेन किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए अब तैयार दिख रहे हैं। अब न तो इडी का समन उन्हें विचलित कर रहा है, न ही राज्यपाल के पास धूल फांक रहा लिफाफा।

---

## राजनीतिक हलचल

# सीएम हेमंत को सता रहा गिरफ्तारी का भय: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजनीतिक उठापटक के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इडी के समन के बहाने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर एक बार फिर निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार पर संकट मंडरा रहा है। रांची में एक कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि इडी के सात समन के बाद भी मुख्यमंत्री इडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश नहीं हो रहे हैं। इधर-उधर भागे फिर रहे हैं। हेमंत सोरेन को गिरफ्तारी का भय सता रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सात बार समन भेजा है, लेकिन मुख्यमंत्री उसके समक्ष हाजिर नहीं हो रहे हैं। वे इधर-उधर भाग रहे हैं। यदि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो उन्हें इडी के समक्ष पेश होना चाहिए और इडी के सवालों का जवाब देना चाहिए। गांडेय विधानसभा सीट से सरफराज अहमद के इस्तीफे पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी गैर विधायक के लिए ये सीट खाली करायी गयी है।



## इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर सिर फुटव्वल शुरू

# पश्चिम बंगाल में फंस रहा पेंच, टीएमसी देगी दो, कांग्रेस ने कहा, हमें भीख नहीं चाहिए

**विपक्षी दलों** के इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर सिर फुटव्वल शुरू हो गया है। पंजाब के बाद अब पश्चिम बंगाल में इंडी गठबंधन के घटक दल आमने-सामने आ गये हैं। पिछले दिनों ममता बनर्जी ने बंगाल में किसी दल के साथ चुनावी समझौता करने से इनकार कर दिया था। बाद में टीएमसी की ओर से सफाई दी गयी। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी ने कांग्रेस को दो सीटें ऑफर कीं, जिसे पार्टी ने ठुकरा दिया है। इसके बाद पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने ममता बनर्जी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस की जरूरत ममता बनर्जी को है। दो सीट देने के लिए उन्हें दया दिखाने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम है। हमें भीख नहीं चाहिए। उधर, दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की मीटिंग में अन्य राज्यों में सीट शेयरिंग पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार, पंजाब और दिल्ली में कांग्रेस ही आम आदमी के साथ गठबंधन के मूड में नहीं है।



### पश्चिम बंगाल की 42 सीटों के बंटवारे पर फंसा पेंच

पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में पेच फंस गया है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने संकेत दिये हैं कि वह राज्य में बीजेपी का मुकाबला अकेले करेगी। पिछले दिनों ममता बनर्जी ने कांग्रेस के दुखते रग पर हाथ रख दिया। उन्होंने कांग्रेस को भाजपा का एजेंट बता दिया। टीएमसी की राजनीतिक मजबूरी यह है कि वह बंगाल में वामपंथी दलों के साथ चुनाव नहीं लड़ सकती है, इसलिए पार्टी सीपीआइ (एम) को गठबंधन से बाहर रखना चाहती है। चर्चा है कि टीएमसी बंगाल में कांग्रेस को सिर्फ दो सीट देना चाहती है, जबकि कांग्रेस आठ सीटों की मांग कर रही है। इसके अलावा अपने पुराने चुनावी पार्टनर सीपीआइ (एम) के लिए भी कांग्रेस ने दो सीटों की डिमांड की है। अब टीएमसी के इनकार से बंगाल में सीट शेयरिंग पर पेंच फंस गया है।

### ममता से कौन भीख मांगने गया था: अधीर रंजन चौधरी

नाराज अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को कहा कि ममता बनर्जी से कौन भीख मांगने गया था। वह खुद गठबंधन कर चुनाव लड़ने की बात करती रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने दम पर कुछ भी कर सकती है। पिछले चुनाव में दो सीटें कांग्रेस ने बीजेपी को हरा कर जीती थी। दो सीटें देकर ममता कांग्रेस पर एहसान क्यों कर रही हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन नहीं होने पर पीएम मोदी खुश होंगे और ममता बनर्जी उनकी सेवा में लगी हुई हैं। दो सीटों के लिए ममता की दया पर रहने की जरूरत नहीं है।

# अरविंद केजरीवाल की बढ़ सकती है मुसीबत, एक लिंक की हो रही है चर्चा

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का भविष्य दांव पर लग गया है। चर्चा है कि इडी को एक लिंक हाथ लगी है। अगर इडी ने उस एक लिंक को साबित कर दिया, तो केजरीवाल को दिक्कत में डाल सकती है। इडी के सूत्रों के मुताबिक, उस लिंक की कड़ियां जुड़ रही हैं। उस लिंक के चलते ही आप के पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह जेल में पहुंच चुके हैं। केजरीवाल को इडी के समक्ष पेश होने के लिए तीन समन भेजे गये हैं, लेकिन वह जांच एजेंसी के सामने नहीं पहुंचे। इधर गुरुवार को दिल्ली के एलजी ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी है। ऐसे में मुख्यमंत्री केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की मुसीबत बढ़नी तय है।



### इडी कब करती है पूछताछ या गिरफ्तारी

इडी में तीन दशक से अधिक समय तक कार्यरत रहे पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सत्येंद्र सिंह बताते हैं, दिल्ली के कथित शराब घोटाले में सबूतों के आधार पर कार्रवाई हुई है। जांच एजेंसी, बिना सबूत के किसी पर हाथ नहीं डालती। जब किसी मामले की कड़ियां, आरोपी से जुड़ती हैं, तभी इडी उससे पूछताछ करती है। अगर कुछ बरामद करना होता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। इडी के पास आरोपी के खिलाफ उस मामले में शामिल होने के पुख्ता लिंक है, लेकिन वह पूछताछ में शामिल नहीं होता है, तो उस स्थिति में गिरफ्तारी ही एक विकल्प बचता है। अगर एक व्यक्ति ने जांच एजेंसी को बयान दे दिया है, और उसमें मुख्यमंत्री का नाम सामने आया है, तो उस 'लिंक' की सत्यता का पता लगाया जाता है। वह लिंक मुख्यमंत्री या उनके करीबियों के साथ पुख्ता तौर पर जुड़ता हुआ नजर आता है, तो सीएम केजरीवाल, जोखिम में फंस सकते हैं।

### केजरीवाल को विक्टिम कार्ड नहीं खेलने देगी भाजपा

भाजपा का मानना है कि अरविंद केजरीवाल जिस तरह बार-बार प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हो रहे हैं और मीडिया के सामने अपनी गिरफ्तारी की आशंका जता रहे हैं, यह उनकी विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश है। इसका उद्देश्य लोकसभा चुनाव के बीच लोगों की सहानुभूति हासिल करना है। लेकिन भाजपा ने तय किया है कि वह आम आदमी पार्टी को इस विक्टिम कार्ड को नहीं खेलने देगी। गुरुवार सुबह दिल्ली भाजपा नेताओं की शीर्ष बैठक में तय किया गया है कि पार्टी केजरीवाल के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाकर जनता को इसकी सच्चाई बताएगी। भाजपा जनता को यह बताने की कोशिश करेगी कि किस तरह अरविंद केजरीवाल जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश न होकर संवैधानिक संस्थाओं की अवमानना कर रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेताओं की यह बैठक गुरुवार सुबह हुई। यह बैठक दिल्ली सरकार की कैबिनेट मंत्री आतिशी मारलेना के उस ट्वीट के बाद हुई, जिसमें उन्होंने इस बात की आशंका जताई थी कि प्रवर्तन निदेशालय गुरुवार सुबह अरविंद केजरीवाल के घर पर रेड कर सकती है और इसके बाद उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। इसके बाद एजेंसी के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया था कि आज चार जनवरी को केजरीवाल के घर पर छापेमारी की कोई योजना नहीं है। इसके ठीक बाद ही भाजपा ने बैठक कर केजरीवाल की राजनीति से निपटने का प्लान बनाया।

05 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 76







## झारखंड में नगर निकाय चुनाव पर हाइकोर्ट का आदेश

# तीन हफ्ते में जारी करें अधिसूचना: हाइकोर्ट

- पूर्व पार्षद की याचिका अदालत ने स्वीकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में लंबित नगर निकाय चुनाव को लेकर आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि तीन हफ्ते के भीतर चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी करें। पूर्व पार्षद रोशनी खलखो और अरुण झा की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश दिया है। राज्य के 48 नगर निकायों में चुनाव लंबित है। इनमें से 14 निकायों में मई 2020 से ही चुनाव लंबित है।

रिट याचिका पर सुनवाई जस्टिस आनंद सेन की अदालत में हुई। कोर्ट की ओर से जो आदेश दिया गया है, उसकी प्रति राज्य के मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग एवं रांची नगर निगम को तुरंत फैक्स के माध्यम से दी गयी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने अपने कमेंट्स में निकाय चुनाव नहीं कराने को संवैधानिक तंत्र की विफलता बताया है।




### क्या है दायर रिट याचिका में

नगर निकाय चुनाव को लेकर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो और अरुण झा की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गयी थी। इस याचिका के माध्यम से अदालत को बताया गया कि जिस तरह से पंचायत चुनाव की निर्धारित सीमा खत्म हो जाने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार दिया गया था, उसी तरह नगर निकाय के प्रतिनिधियों को भी इनकी समय सीमा खत्म होने पर अधिकार दिये जायें। यह अधिकार तब तक मिले, जब तक निकाय चुनाव ना हो जाये।

### प्रशासक संभाल रहे जिम्मेदारी

दरअसल नगर निकायों की अवधि समाप्त होने के बाद चुनाव कराया जाना था, जो नहीं हो सका है। ऐसे में जनता के प्रतिनिधि की जगह निकायों का प्रशासन वहां पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी संभाल रहे हैं। सरकार की ओर से इसे लेकर कहा गया था कि अगर प्रशासकों को काम करने में दिक्कत होती है, तो वे नगर विकास एवं आवास विभाग से परामर्श लेंगे। यह व्यवस्था बीते साल अप्रैल से चल रही है।

### 34 नगर निकायों में लंबित है चुनाव

राज्य के 14 नगर निकायों में मई 2020 से ही चुनाव लंबित है। धनबाद, देवघर और चास नगर निगम सहित विश्रामपुर, झुमरी तिलैया, गोमिया और चक्रधरपुर नगर परिषद और कोडरमा, बड़की सरिया, धनवार, हरिहरगंज, बचरा और महगामा नगर पंचायत का कार्यकाल मई 2020 में ही पूरा हो गया है। अन्य 34 नगर निकायों का कार्यकाल भी इसी साल मई में पूरा हो गया।

### क्यों नहीं हुआ है चुनाव

राज्य सरकार ने ओबीसी आयोग गठन कर पंचायत और निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण देने के लिए थ्री लेयर टेस्ट की प्रक्रिया पूरी करने की बात कही थी। झारखंड सरकार अब तक आयोग का गठन कर ही नहीं सकी है। सरकार ने कहा था कि ओबीसी उम्मीदवारों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सर्वेक्षण कर आरक्षण देगी। ऐसा नहीं हो पाने की वजह से अब तक चुनाव नहीं हो सका।

# रांची में कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की गोली मार कर हत्या

- स्कॉर्पियो से बदमाशों ने फॉर्च्युनर पर बरसायीं गोलियां
- अपराधियों ने अभिषेक के शरीर पर उतारी 11 गोलियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में अपराधियों ने कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव के शरीर को गोलियां से छलनी कर दिया। एक-एक कर उसे 11 गोलियां मारीं। लहूलुहान अवस्था में उन्हें मेडिका अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभिषेक बिहार के छपरा के मूल निवासी थे। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उन पर हमला हुआ। वह अपनी काले रंग की फॉर्च्युनर कार में थे। इसी दौरान स्कॉर्पियो से आये अपराधियों ने गोलियां चलायीं। अभिषेक का अपार्टमेंट रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम में था। वारदात के वक्त वह घर से कहीं जा रहे रहे थे। जैसे ही अभिषेक की गाड़ी अपार्टमेंट की गली में मुड़ी, पहले से इंतजार कर रहे अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अभिषेक का घर पास ही था, इसलिए परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गये।



### गाड़ी के सामने से मारी गयी गोली

अभिषेक को पीएलएफआइ संगठन की ओर से पहले भी धमकी भी मिली थी। आशंका जतायी जा रही है कि पीएलएफआइ ने घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने गाड़ी के सामने से गोलियां चलायीं। गाड़ी के शीशे पर चार राउंड गोलियां चलने के निशान हैं।

### अस्पताल लाने से पहले हुई मौत

घटना के वक्त मौजूद लोगों के मुताबिक गोली मारनेवाले अपराधी स्कॉर्पियो में आये हुए थे। उनकी संख्या पांच बतायी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक को 11 गोली मारी गयी थी। अभिषेक को आनन-फानन में परिवार वाले मेडिका लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स ने बताया कि पहले ही उनकी मौत हो चुकी है। अभिषेक छपरा के रहनेवाले थे। अभिषेक की एक पांच साल की बेटी है। इस घटना के बाद रांची के व्यवसायियों में दहशत फैल गयी है।

# गणतंत्र दिवस में राजपथ पर दिखेगी झारखंड की झांकी

- दुमका-गोड्डा के विश्वस्तरीय गुणवत्ता वाले तसर उद्योग की झलक देखेगा देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड की झांकी का चयन हुआ है। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दुमका में उत्पादित विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले सिल्क के उत्पादन से संबंधित झांकी प्रदर्शित की जाएगी। गौरतलब है कि 2023 के दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर देवघर की झांकी प्रदर्शित की गयी थी। हर वर्ष की तरह इस बार भी केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के उपरांत 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों द्वारा सराहा गया। नयी दिल्ली में 19 जनवरी 2023 तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी 2023 को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है।



## न्यूज रील्स

### पीएम मोदी ने समुद्र में लगायी डुबकी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के लिए तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप के दौरे पर थे। उन्होंने एक्स पर जो फोटो शेयर की, उसमें दो लाइफगार्ड पीएम मोदी को स्नॉर्कलिंग करने में मदद कर रहे हैं।

### मोहल्ला क्लिनिक में फर्जीवाड़ा

नयी दिल्ली। दिल्ली में केजरीवाल सरकार की ओर से चलाये जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जीवाड़े के आरोपों की सीबीआइ जांच का उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आदेश दे दिया है। राज निवास की ओर से गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग की जांच में सामने आया है कि यहां ऐसे मरीजों को लैब टेस्ट कराये जा रहे थे, जो वास्तव में थे ही नहीं। यह प्राइवेट लैब को फायदा पहुंचाने के लिए किया जा रहा था।

### कांग्रेस ने भारत न्याय यात्रा का नाम बदला

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने 14 जनवरी से शुरू होनेवाली भारत न्याय यात्रा का नाम बदल दिया है। अब इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगा। गुरुवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई पार्टी की बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा नाम अब ब्रांड बन चुका है।

### विधायक सुरेंद्र पंवार के घर पहुंची इडी

सोनीपत। हरियाणा में इडी ने माइनिंग कारोबारियों के 20 ठिकानों पर रेड की है। इन कारोबारियों में सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार, उनके पार्टनर सुरेश त्यागी, करनाल में इनेलो से भाजपा में आये मनोज वधवा और यमुनानगर के इनेलो नेता दिलबाग सिंह शामिल हैं। यह रेड अवैध माइनिंग को लेकर मिल रहे इनपुट के बाद हुई है।

## झारखंड में इडी की कार्रवाई दूसरे दिन भी रही जारी

# इडी ने विनोद सिंह के रोस्पा टावर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट को खंगाला

- साहिबगंज उपायुक्त समेत अन्य को जल्द समन जारी किये जाने की उम्मीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। इडी अधिकारी गुरुवार को रांची के विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट पहुंची। यहां कागजात खंगाले गये। गौरतलब है कि इडी को बुधवार को छापेमारी के दौरान विनोद सिंह के रातू रोड स्थित घर से 25 लाख रुपये और निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले थे। इडी ने बुधवार को उनके रोस्पा टावर स्थित कार्यालय को सील कर दिया था। गुरुवार शाम को टीम इसकी जांच के लिए पहुंची थी।

**इडी ने कई जगहों पर मारा था छापा:** इडी ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, देवघर में पूर्व विधायक पप्पू यादव, हजारीबाग के डीएसपी राजेंद्र दुबे, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह, रोशन, साहिबगंज में खोदनिया ब्रदर्स और सिपाही अवधेश खुमार के ठिकानों पर छापा मारा था।

**पूछताछ के लिए समन करने की उम्मीद:** सूत्रों के अनुसार छापेमारी के बाद साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव, विनोद सिंह सहित कुछ लोगों को इडी एक-दो दिन के अंदर पूछताछ के लिए बुला सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान थोड़ी-बहुत पूछताछ की है। जब्त दस्तावेजों को खंगालने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए समन जारी किया जायेगा।



### इडी के हाथ लगे हैं कई दस्तावेज

सूत्रों के मुताबिक विनोद सिंह के मोबाइल से नेताओं और अफसरों के साथ व्हाट्सऐप चैट डिटेल मिले हैं। वहीं, साहिबगंज के डीसी के पास से आठ लाख रुपये नकद जब्त किये गये हैं। इसके अलावा 9 एमएम की 14 गोलियां भी मिली हैं। ये गोलियां प्रतिबंधित पिस्टल की हैं। डीसी नकद के स्रोतों की सही-सही जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। रांची स्थित अभिषेक कुमार के घर पर करीब 12 घंटे तलाशी चली। इडी ने वहां से कई दस्तावेज और एक प्रिंटर मशीन जब्त की है। उधर, साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कन्हैया खुदानिया के ठिकाने से 30 बेनामी बैंक अकाउंट मिले हैं। सभी अकाउंट का नंबर सीरीज में है। सभी अकाउंट से जुड़े चेक बुक जब्त किये गये हैं। इडी ने केनरा बैंक के इन सारे अकाउंटों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसी तरह अन्य जगहों से कई तरह के संदिग्ध दस्तावेज इडी के अधिकारी अपने साथ ले गये हैं।

# रामलला, शबरी और निषादराज पर डाक टिकट जारी होंगे

**अयोध्या (आजाद सिपाही)।** अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम लला, शबरी और निषादराज के डाक टिकट भी जारी करेंगे। इनकी कीमत 50 रुपये होगी। प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने यह जानकारी दी है। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री ने रामजन्मभूमि का डाक टिकट जारी किया था। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम एक घंटा चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी पूरे आयोजन में मौजूद रहेंगे। ट्रस्ट की तरफ से भेजे गये निमंत्रण कार्ड में प्राण प्रतिष्ठा का वक्त 11:30 से 12:30 दिया गया है। शुभ मुहूर्त 12:20 बजे का है। 12 बज कर 29 मिनट पर पीएम राम लला को दर्पण दिखायेंगे। कार्यक्रम में आनेवाले अतिथियों को आमंत्रण पत्र के साथ आधार कार्ड भी दिखाना होगा। उनका सामान, मोबाइल और बैग रखने के लिए 12 हजार लॉकर भी बनाये गये हैं। इस बीच गुरुवार को राम मंदिर के सिंह द्वार की नयी तस्वीर सामने आयी है। सिंह द्वार पर हनुमान जी, शेर और हाथी की प्रतिमा लगायी गयी है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास मौजूद रहेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी की मुरीद हुई चीन की मीडिया

- ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, भारत आत्मविश्वास से भरा देश, मोदी की लीडरशिप में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन की मीडिया ने भारत की खुल कर तारीफ करते हुए उसे ताकतवर देश बताया है। चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक और विदेश नीति में सकारात्मक बदलाव हुआ है। वह तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्लोबल टाइम्स में फुडन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडीज के डायरेक्टर झांग जियाडोंग का एक लेख पब्लिश हुआ है। इसमें उन्होंने लिखा है कि भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भरा हुआ है और अपने 'भारत नैरेटिव' को मजबूती के साथ आगे बढ़ा रहा है।




### दुनिया के लिए जरूरी है भारत

आर्टिकल में आगे लिखा गया है कि भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। वह दुनिया के लिए महत्वपूर्ण देश बन गया है। वह ग्लोबल ट्रेड, कल्चर, इकोनॉमी, पालिटिक्स समेत कई मामलों में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। पिछले 10 साल में मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने इन सभी क्षेत्रों में बेहतर दृष्टिकोण अपनाया है।

### बेहतर परिणाम देखने को मिले

झांग जियाडोंग ने लिखा कि हाल ही में मैं दूसरी विजिट पर भारत पहुंचा था। चार साल पहले भारत का पहला दौरा किया था। मैंने देखा कि भारत की घरेलू और विदेशी स्थिति चार सालों में बिल्कुल बदल गयी है। भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में काफी अच्छे परिणाम हासिल किये हैं। भारत की स्ट्रैटेजी सपनों से आगे बढ़ कर वास्तविकता की ओर बढ़ गयी है।






आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम 12 को

**राकेश भास्कर के नेतृत्व में कमेटी बना कर लोगों को प्रभार दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में इस वर्ष भी युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद की याद में हरमू मैदान में 12 जनवरी को कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम पिछले 13 वर्षों से हो रहा है। हरमू मैदान में शाम साढ़े छह बजे से साढ़े आठ बजे तक पंडित विजय शंकर मेहता के सानिध्य में कार्यक्रम होगा। आयोजन की सफलता के लिए कमेटी भी बनायी गयी है। कमेटी में 150 से भी ज्यादा लोगों को रखा गया है।

केंद्रीय आयोजन समिति के राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर ने बताया कि आयोजन के मुख्य संरक्षक सरयू राय हैं। वहीं संरक्षक हरिनारायण सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रमोहन कपूर, राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर, संरक्षक धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत, अखिलेश पांडेय, डॉ सूर्यमणि सिंह, संजीव विजयवर्गीय, प्रदीप वर्मा, अरुण कुमार झा, बिमलेश सिंह, अजय सिंह, राजकिशोर सिंह, बीरेंद्र नारायण, नकुल सहदेव, श्याम झा, अभिषेक चौबे, गोपाल सोनी, इंद्रजीत यादव, रामचंद्र जयसवाल, दीपक मारू, रंजीत गाड़ोदिया, सूरजभान सिंह, कुणाल आजमानी को आयोजन से जोड़ा गया है।

कार्यक्रम में हनुमान चालीसा का सामूहिक जप और पंडित विजय शंकर मेहता का उद्बोधन सुन सकेंगे। हनुमान सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर और प्रमोद सारस्वत ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## सभी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक

# भाजपा जन-जन की पार्टी है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा के सभी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल अरगोड़ा में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्व समावेशी भाजपा का सांगठनिक स्वरूप है। भाजपा आज नीतियों-कार्यक्रमों के बल पर जनता का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। कहा कि भाजपा किसी परिवार और समाज विशेष की पार्टी नहीं, बल्कि जन-जन की पार्टी है। उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों से जनता की आवाज बनने का आह्वान किया।



नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है। संघर्ष का फ्रंट लाइन है। समाज के लोग विभिन्न मोर्चों के माध्यम से पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों को लेकर जाते हैं। कार्यकर्ता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा करने में भूमिका का निर्वहन करें। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न मोर्चों के द्वारा आने वाले दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेवारी है। समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों से मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सीधा और लगातार संपर्क संवाद होता है। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने नमो एप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं को इस अभियान में बढ़-चढ़कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया। बैठक में राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, बालमुकुंद सहाय, सांसद आदित्य साहू मौजूद थे।

# हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 13 से

## सरकार और हॉकी इंडिया के बीच एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को झारखंड सरकार और हॉकी इंडिया के बीच एमओयू हुआ। झारखंड की ओर से हॉकी इंडिया को 5 करोड़ स्पॉन्सरशिप का चेक सौंपा गया। मौके पर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर खेल सचिव मनोज कुमार और खेल निदेशक सुशांत गौरव मौजूद रहे। वहीं हॉकी झारखंड की ओर से हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन समेत अन्य अधिकारी और भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी मौजूद रहीं।




**सफल आयोजन के लिए पूरा सहयोग : मनोज**

खेल सचिव मनोज कुमार ने कहा कि एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से जुड़ने पर गर्व है। यह एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो खेल भावना को दर्शाता है। झारखंड इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है। कहा कि हम इसका स्वागत करते हैं। उन्होंने झारखंड को मेजबानी देने के लिए हॉकी इंडिया का आभार जताया। साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरा सहयोग करने की बात कही। कहा कि सुरक्षा से लेकर सफाई तक सभी सुविधाएं मुहैया की जायेंगी।

**महासचिव ने आभार व्यक्त किया :** एमओयू पर औपचारिक हस्ताक्षर के बाद हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। यह भारत में हॉकी को बढ़ावा देने की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। भोला नाथ सिंह ने एफआइएच के अध्यक्ष तैयब इकराम को टूर्नामेंट की मेजबानी देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## बच्ची का बार-बार पीछा करना पोस्को अधिनियम के तहत यौन उत्पीड़न: कोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट ने कहा है कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा के तहत किसी बच्ची का बार-बार या लगातार पीछा करना, देखना या संपर्क करना भी यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है। दरअसल, चतरा जिले के एक शिक्षक ने निचली अदालत द्वारा आरोप गठित किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। शिक्षक राहुल यादव पर यह आरोप है कि वह अपने स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा को छेड़ता था। लड़की ने स्कूल के प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की, जिसके बाद उसे स्कूल से हटा दिया गया। शिक्षक पद से हटने के बाद भी वह पीड़िता का पीछा करने का प्रयास करता था। साथ ही उससे मिलने और बात करने का भी प्रयास करता था। न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की बेंच ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शिक्षक की जमानत अर्जी को इस आधार पर खारिज कर दिया कि उसका कृत्य पोस्को अधिनियम की धारा की परिधि में आता है।

# धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश पर हाइकोर्ट ने लगायी रोक

**देखरेख-वित्तीय अधिकार डीसी के पास रहने तक याचिका लंबित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इटखोरी मंदिर विकास समिति की ओर से दायर रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही निर्देश दिया कि यह याचिका जब तक हाइकोर्ट में लंबित रहेगी, तब तक मंदिर की देखरेख और वित्तीय अधिकार उपायुक्त चतरा के पास रहेगा।

प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर बिना किसी स्पष्टीकरण से मंदिर का प्रबंध नयी समिति को दे दिया है, जो कि उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। नयी समिति का गठन करने के पूर्व पुरानी समिति, जो मंदिर की देखरेख करती है, उसे स्पष्टीकरण देना होता है कि वे मंदिर का विकास सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। कोर्ट को बताया गया कि मंदिर का विकास पुरानी समिति 50-60 सालों से करती आ रही है। जब माता की मूर्ति चोरी हुई थी, तब भी इसी समिति ने मूर्ति कोलकाता से लायी थी। ना तो कोई स्पष्टीकरण दिया गया ना कानून का बोर्ड के द्वारा अनुपालन किया गया। इसके अलावा राजनीतिक दल के लोगों को नयी समिति में रखा गया, जबकि पूर्व में अनुमंडल पदाधिकारी आदि मंदिर की देखरेख करते थे।

# गुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी आज से

**17 जनवरी को सजाया जायेगा विशेष दीवान**

**15 जनवरी को श्री अखंड पाठ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रकाश पर्व को लेकर गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा 5 जनवरी से प्रभातफेरी निकाली जायेगी, जो रोजाना सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहब से निकलकर कृष्णा नगर कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कर वापस गुरुद्वारा साहब पहुंचकर विसर्जित होगी, जिसमें श्रद्धालु शबद गायन कर कॉलोनी की गलियों का भ्रमण करेंगे। इसका समापन 13 जनवरी को होगा।



गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा दशमेश पिता श्री गुरुगोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के दिन 17 जनवरी को विशेष दीवान सजाया जायेगा। इससे पहले 15 जनवरी को श्री कृष्णा नगर कॉलोनी, गुरुद्वारा साहब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में श्री अखंड पाठ होगी। मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने जानकारी दी कि पटना साहब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए सत्संग सभा के श्रद्धालुओं का पहला जत्था इंदर मिढ़ा और रमेश पपनेजा के नेतृत्व में 14 जनवरी की शाम और दूसरा जत्था अगले दिन 15 जनवरी की शाम आशु मिढ़ा और नवीन मिढ़ा के नेतृत्व में रवाना होगा। यह जत्था पटना के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सभी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद 19 जनवरी की सुबह रांची वापस लौटेगा।

## डीएसओ के साथ डीलर्स एसोसिएशन की बैठक बेनतीजा

# नहीं टूटी हड़ताल, गरीबों की बढ़ी परेशानी

**झारखंड के 26 हजार पीडीएस दुकानों में लटका ताला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में पीडीएस डीलर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। 1 जनवरी से राज्य की सभी 26 हजार पीडीएस दुकानों में ताला लटका हुआ है, जिससे न तो जरूरतमंदों को पीडीएस के तहत राशन मिल रहा है और न ही सेंटर्स में खाद्यान्न आपूर्ति हो पा रही है। इसी बीच गुरुवार को जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के साथ फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। राज्य में पीडीएस डीलर्स की हड़ताल फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से की जा रही है। बैठक को लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के साथ हुई बैठक में कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। बैठक में 29 दिसंबर को राज्य सरकार की ओर से कमीशन वृद्धि की बात बार-बार बतायी जा रही है, लेकिन वृद्धि कब तक होगी, कितनी होगी, इस संबध में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। यहां तक कि पूर्व के बकाये का भुगतान कब तक होगा, इसकी भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। बताया कि एसोसिएशन ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है। फिलहाल जिला स्तर पर हड़ताल के लिए प्रदर्शन जारी है। लेकिन इस दौरान सभी सेंटर्स बंद हैं। इससे पहले बीते मंगलवार को भी खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल के साथ पीडीएस डीलर्स की बैठक हुई थी। इसमें भी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला।

# रामलला आयेंगे, दीपावली हम मनायेंगे...

**घर-घर पहुंचा कर निमंत्रण देने का संकल्पः देवी सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अयोध्या से आया पूजित अक्षत सभी जिला, प्रखंड के मोहल्ले में बांट कर विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठन निमंत्रण दे रहा है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि यह स्वर्ण अवसर हमें मिला है कि घर-घर में प्रभु श्रीराम लला मंदिर अयोध्या धाम का निमंत्रण पहुंचाना है। सभी कार्यकर्ता इस कार्य में लगे हुए हैं। संकल्प है कि कोई भी घर इस निमंत्रण से ना छूटे। इस अवसर पर प्रधान लेखागार राजकुमार अग्रवाल के साथ-साथ झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ के मैकी रोड कार्यालय में थोक वस्त्र विक्रेता संघ के उपस्थित सभी सदस्यों के बीच निमंत्रण के लिए अक्षत-निमंत्रण पत्र बांटा गया।




थोक वस्त्र विक्रेता संघ से अध्यक्ष विक्रम खेतावत, सचिव प्रमोद सारस्वत, उपाध्यक्ष अमरचंद बेगानी, सह सचिव हैप्पी किंगर, कोषाध्यक्ष सौरभ कटारूका, पूर्व अध्यक्ष अजय बथवाल, अनिल जालान, राजेश कंदोई, विमल जैन, विक्रम जैन, ओम खेतावत, विपुल जैन, उमाशंकर कनोडिया के संग विश्व हिंदू परिषद से रंगनाथ महतो, राजेश अग्रवाल, मनोज पोद्दार, मिथलेश्वर मिश्र, दीपक ठाकुर, किशुन झा, प्रिंस अजमानी, कुमार गौरव, कैलाश केसरी, छोटू वर्मा, दामोदर मिश्रा, योगेश खेदवाल, अजय राजगढ़िया सहि अन्य उपस्थित थे।

## थाना में मारपीट की घटना की जानकारी ली

रांची (आजाद सिपाही)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी की ओर से जांच कमेटी बनायी गयी है। इसमें उपाध्यक्ष गुलरेज अंसारी, महासचिव गुलाम जावेद, गुलाम रब्बानी, मंजूर आलम, बारीक अंसारी को रखा गया है। इसका उद्देश्य 1 दिसंबर को रांची के हिंदपीढ़ी थाना अंतर्गत 12 वर्षीय मदरसा छात्र हुजैफा को थाना एसआइ अजय कुमार-अनिल कुमार सिंह द्वारा मारपीट करना, जाति सूचक गाली देना, कई गंभीर टीका टिप्पणी करना शामिल है। इसी कड़ी में गुरुवार को तीन सदस्यीय जांच टीम उजैफा इम्तियाज से मिली। पूरी घटना की जानकारी ली, फिर जांच टीम थाना पहुंची। अब तक की कार्रवाई की जानकारी ली। थाना प्रभारी ने कहा कि दोषी पुलिसवालों पर कार्रवाई की जायेगी।

# राजधानी की कानून व्यवस्था में राज्यपाल हस्तक्षेप करें: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम निवासी अभिषेक श्रीवास्तव की अज्ञात अपराधियों द्वारा दिनदहाड़े हत्या किये जाने की कड़ी शब्दों में निंदा की है। सांसद संजय सेठ ने राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग की। कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हुई है। राज्यपाल को इस पर संज्ञान लेते हुए उचित दिशा-निर्देश देना चाहिए। सांसद ने कहा कि प्रशासन से रांची की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। पिछले 30 वर्षों की सबसे खराब कानून व्यवस्था वर्तमान में है। अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े अपराध को अंजाम दे रहे हैं। राजधानी



रांची जहां मुख्यमंत्री सहित सभी आलाधिकारी रहते हैं, यहां की यह स्थिति है, तो राज्य की क्या स्थिति होगी। आये दिन मर्डर, चोरी, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। आखिर कब तक लोगों की मौत होती रहेगी। सरकार को इसका जवाब देना होगा। आखिर क्या कारण है कि रांची में प्रशासन अपराधियों के सामने बेबस है। व्यापारी और आम लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जदयू के झारखंड प्रभारी आज आयेंगे रांची

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में सियासी हलचल के बीच सभी पार्टियां अपने-अपने स्तर से तैयारी कर रही हैं। वहीं झारखंड में अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने में जुटा जनता दल यूनाइटेड भी झारखंड के सियासी हालातों पर नजर बनाये हुए है। 6 जनवरी को झारखंड जेडीयू भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेगा। इसके मद्देनजर झारखंड जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी 5 जनवरी को रांची आयेंगे। उनके साथ सह प्रभारी और विधायक मनोज यादव भी रांची पहुंचेंगे। छह जनवरी को झारखंड जदयू ने कार्यकर्ता मंथन का भी आयोजन किया है, जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं 21 जनवरी को रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी आगमन होना है। उसको लेकर भी कार्यकर्ताओं को अहम दिशा निर्देश दिये जायेंगे।

### रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का विस्तार, कल से मधुपुर तक जायेगी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का विस्तार मधुपुर तक किया गया है। अब यह ट्रेन रांची से मधुपुर तक चलायी जायेगी। मधुपुर से न्यू गिरिडीह होते हुए रांची जायेगी। इसकी सूचना रेलवे ने जारी कर दी है। ट्रेन संख्या 18617 और 18618 रांची-न्यू गिरिडीह.रांची एक्सप्रेस 6 जनवरी से मधुपुर तक जायेगी। ट्रेन संख्या 18617 रांची-मधुपुर एक्सप्रेस छह बजे रांची से प्रस्थान करेगी और 1.50 बजे मधुपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 18618 मधुपुर-रांची एक्सप्रेस मधुपुर से अपराह्न तीन बजे प्रस्थान करेगी और रात 11.15 बजे रांची पहुंचेगी।

### नागरिक समिति का लोहड़ी पर्व 13 को

रांची (आजाद सिपाही)। रांची नागरिक समिति की ओर 13 जनवरी को धूमधाम से लोहड़ी आयोजित की जायेगी। कार्यक्रम शाम छह बजे टेलीफोन एक्सचेंज रोड बड़ालाल स्ट्रीट अपर बाजार रांची चौराहे पर होगा। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह और निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। रांची नागरिक समिति के बैनर तले पिछले 35 साल से सार्वजनिक स्थल पर लोहड़ी का आयोजन हो रहा है।

### सचिवालय सहायक परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को होगी

रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएससी सचिवालय सहायक की परीक्षा 28 जनवरी और 4 फरवरी को होगी। यह परीक्षा झारखंड के विभिन्न जिलों में होगी। इसके लिए जेएसएससी ने पत्र जारी किया है। परीक्षा तीन पालियों में होगी। इसके लिए जेएसएससी कार्यालय में शुक्रवार को सभी जिलों के नोडल पदाधिकारियों की बैठक बुलायी गयी। इससे पहले परीक्षा वर्ष 2023 में 16 और 17 दिसंबर को होनी थी, लेकिन किसी कारण से परीक्षा स्थगित कर दी गयी। परीक्षा के लिए जल्द एडमिट कार्ड जारी कर दिया जायेगा।

### कांके डैम में दिव्य आरती आज

रांची (आजाद सिपाही)। कांके डैम के छठ घाट के तट पर जल स्त्रोतों के स्वच्छता-निर्मलता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक संकल्प के लिए मां गंगा की दिव्य आरती शुक्रवार को होगी। गंगायात्री पीयूष पाठक बनारस के पांच सहयोगी आचार्यों के साथ आरती करेंगे। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी करेंगे। श्री पाठक झारखंड के विभिन्न जलाशयों में गंगा आरती कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागृति कर रहे हैं।

### मैथिली की पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान में गुरुवार को डॉ महेंद्र की पुस्तक पतरसेख का लोकार्पण किया गया। इसकी अध्यक्षता दूरदर्शन केंद्र के पूर्व निदेशक प्रमोद झा ने की। कहा कि प्रांजल भाषा और ठेठ मैथिली शब्दों से वह जिस तरह का दृश्य रचते हैं, वह पाठकों को मोहित कर लेता है। रांची यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर नरेंद्र झा ने कहा कि डॉ महेंद्र ने जिस संवेदना और सौंदर्यबोध के साथ अपने संस्मरणों में साहित्यिक व्यक्तित्वों का शब्द चित्र उकेरा है, वह विरल है। भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि डॉ महेंद्र के संस्मरण इतने संवेदनशील और पठनीय हैं कि पाठक उसके प्रवाह में सुध-बुध बिसरा बैठता है और एक ही बैठक में पूरी पुस्तक को पढ़ सकता है। व्यंग्यकार राजकुमार मिश्र ने कहा कि डॉ महेंद्र ने मैथिली साहित्य में संस्मरण विधा को नयी पहचान और धार दी है। कथाकार अमरनाथ झा ने कहा कि डॉ महेंद्र के संस्ममरण सुललित मैथिली गद्य का उदाहरण है, भाषा की मधुरता के साथ हास्य-व्यंग्य का पुट भी विद्यमान है। समारोह में कृष्ण कुमार झा समेत अन्य उपस्थित थे।

### नगर निकाय चुनाव : सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में आजसू : लंबोदर महतो



रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट के फैसले के बाद निकाय चुनाव को लेकर आस जगी है। हालांकि निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण सबसे बड़ा रोड़ा है। गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि आजसू पार्टी पिछड़ों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेगी। ओबीसी आरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें झारखंड सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर यह बताया गया था कि राज्य सरकार की ओर से ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट राज्य पिछड़ा आयोग की ओर से कराया जायेगा, जबकि राज्य राज्य पिछड़ा आयोग कई वर्षों से नहीं है। ऐसे में ट्रिपल टेस्ट नहीं हुआ और एक तरह से राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करने का काम किया। हमारी पार्टी फिर से कोर्ट का रुख करेगी।

### प्रमाण पत्रों की जांच के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति पर दिशा-निर्देश जारी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए प्रमाण पत्र की जांच के लिए पदाधिकारी-कर्मियों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि अब झारखंड लोक सेवा आयोग या झारखंड कर्मचारी सेवा आयोग में किसी अधिकारी या कर्मचारी के प्रतिनियुक्ति प्रमाण पत्र की जांच के लिए की जाती है, तो जिस विभाग की अधियाचना आयोग के भेजी गयी और उसके विरुद्ध चयनित अभिव्यक्तियों के प्रमाण पत्र की जांच के लिए पदाधिकारी, कर्मी की मांग आयोग द्वारा किये जाने पर संबंधित विभाग के स्तर से ही पदाधिकारी कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 12.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# रिम्स में पहली बार एरोटिक डिसेक्शन की जटिल सर्जरी

### मरीज को दोबारा मिली जिंदगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रिम्स के सीटीवीएस विभाग ने एक और उपलब्धि गुरुवार को अपने नाम की। विभागाध्यक्ष डॉ विनीत महाजन की टीम ने एरोटिक डिसेक्शन जैसी जटिल सर्जरी कर एक मरीज की जान बचायी। यह सर्जरी रिम्स में पहली बार की गयी है। धनबाद निवासी मरीज दिसंबर में रिम्स पहुंचा था। इस मरीज के ह्रदय की महाधमनी कई भाग से फट रही थी। इस स्थिति को एरोटिक डिसेक्शन कहा जाता है, इसमें मरीज की जान जाने का खतरा बढ़ जाता है।

डॉ विनीत महाजन ने स्थिति को देखते हुए बिना विलंब के मरीज को सर्जरी का सुझाव दिया और उसे इस सर्जरी के लिए तैयार किया।




इस सर्जरी में मरीज के ह्रदय की महाधमनी को कृत्रिम पाइप से बदलना होता है। इसके लिए शरीर के रक्त प्रवाह को 40 मिनट के लिए पूरी तरफ से बंद किया जाता है और शरीर का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक कम किया जाता है, जिसमें काफी मुश्किल आती है। इस तरह की सर्जरी में 50 प्रतिशत मौत होने का खतरा रहता है। डॉ विनीत महाजन और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ शिवप्रिय की टीम के संयुक्त प्रयास से इस मरीज का सफल ऑपरेशन रिम्स में आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त में किया गया। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है।

### एरोटिक डिसेक्शन जैसी जटिल सर्जरी करनेवाली टीम को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

रांची। रिम्स के सीटीवीएस विभाग ने एक और उपलब्धि गुरुवार को अपने नाम की है। साल के पहले दिन विभागाध्यक्ष डॉ विनीत महाजन की टीम ने एरोटिक डिसेक्शन जैसी जटिल सर्जरी कर एक मरीज की जान बचाई है। यह सर्जरी रिम्स में पहली बार की गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि एरोटिक डिसेक्शन की जटिल सर्जरी करते हुए धनबाद निवासी एक मरीज की जान बचायी गयी। मरीज के ह्रदय की महाधमनी कई भाग में फट रही थी, जिससे उसकी जान जा सकती थी। डॉ विनीत महाजन की टीम ने एक जनवरी को इसकी सफल सर्जरी की। इसके लिए टीम को बधाई।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत 14 से




### झारखंड में 804 किमी लंबी और 13 जिलों से होकर गुजरेगी यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई तक होनेवाली प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत 14 जनवरी को मणिपुर से होगी। यह यात्रा मणिपुर में 107 किमी लंबी होने के दौरान चार जिलों से होकर गुजरेगी। इसके बाद नागालैंड में 257 किमी लंबी यात्रा, असम में 833 किमी की यात्रा 17 जिलों, अरुणाचल प्रदेश 55 किमी लंबी यात्रा, मेघालय में पांच किमी लंबी यात्रा होगी। मेघालय के बाद यात्रा पश्चिम बंगाल में प्रवेश करेगी। पं. बंगाल में 523 किमी लंबी यात्रा सात जिलों से होकर गुजरेगी। इसके बाद बिहार में यात्रा प्रवेश करेगी। बिहार में सात जिलों में 425 किमी की दूरी तय करने के बाद यात्रा झारखंड में प्रवेश करेगी। झारखंड में भारत न्याय यात्रा 804 किमी लंबी होगी, जो राज्य के 13 जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा कोडरमा से झारखंड में प्रवेश करेगी, उसके बाद हजारीबाग, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा होते हुए ओड़िशा निकल जायेगी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** विविध उलझनों का सामना होगा। परिश्रम-प्रयत्न से विघ्न-बाधाएं नष्ट होकर आर्थिक सफलता मिलेगी।

**वृष** किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा, नवीन प्रयासों में सफलता।

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** नौकरी-व्यापार में अनुकूल वातावरण, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन मंव महत्वपूर्ण स्थिति बनाने में कामयाब होंगे।

**कन्या** नौकरी में उन्नति, बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** परीक्षा-प्रतियोगिता,उच्चशिक्षा से सम्बद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी,भूमि-भवन,वाहनादि के क्रय-विक्रय से लाभ होगा।

**धनु** बुद्धि-चतुरता-वाकपटुता से कठिन काम भी सहज ढंग से पूरे हो जाएंगे, विरोधियों, गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**मकर** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में अच्छे समय का उपयोग करें, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कुंभ** किसी काम को उतावली से न करें, अनावश्यक उलझनों से कष्ट होने की संभावना।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## सोनपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक में रेल के सर्वांगीण विकास पर दिया गया बल



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। सोनपुर मंडल की मंडल संसदीय समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद राजीव प्रताप रूडी ने की। इसमें जनहित से जुड़े मुद्दे, रेल के सर्वांगीण विकास के लिए सुझावों को रखा गया। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित मुख्यालय-सोनपुर मंडल के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित थे । इसमें आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। महाप्रबंधक ने कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा। बैठक में सांसद रामनाथ ठाकुर, राकेश सिन्हा, अजय निषाद, चौधरी महबूब अली कैसर, दुलाल चंद्र गोस्वामी, अजय कुमार मंडल उपस्थित थे। साथ ही प्रतिनिधि केशव शांडिल्य, घनश्याम कुमार दाहा, शिव कुमार सिंह, विनय कुमार चौधरी, विधायक कृष्ण कुमार मंटू भी उपस्थित थे।

## शिक्षा के साथ सेवा का सामंजस्य ही एनएसएस का मूलमंत्र : डॉ शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के द्वारा ओरियेंटेशन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। कहा कि यह एक अनूठी शाखा है, जिसमें एनएसएस में शामिल विद्यार्थी अकादमिक शिक्षा के साथ सेवा को भी अपने व्यक्तित्व में शामिल कर सकते हैं। कहा कि गत दिनों इसी के तहत विश्वविद्यालय में पर्यावरण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो विद्यार्थियों को इस बात से जोड़ता है कि युवाओं को एनएसएस के माध्यम से पर्यावरण के बचाव के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए, ताकि भारत विकासशील से विकसित राष्ट्र बन सके। राज्य समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि एनएसएस व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभय कृष्ण सिंह, डॉ शमा सोनाली, डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभयकृष्ण सिंह, राजेश कुमार सिंह, विद्यार्थी मोहित, आयुषी, अमनजीत, स्नेहा, आर्शी, और शुभम उपस्थित थे।

# बाबूलाल ने पाकुड़ में अमृत भारत एक्सप्रेस की ठहराव के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हाल ही में शुरू हुई बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव पाकुड़ में देने की मांग को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। पाकुड़ सिविल कोर्ट के सीनियर क्रिमिनल एडवोकेट जगन्नाथ उपाध्याय उर्फ सुकू बाबू के सुझाव पर बाबूलाल मरांडी ने रेल मंत्री को लिखे गये पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आपके कुशल प्रबंधन में भारतीय रेल मंत्रालय प्रगति और आर्थिक विकास में एक बड़ी भूमिका निभाने में सफल रहा है। आदिवासी बहुल पाकुड़ जिले की ओर ध्यान देना चाहता हूं। पत्थर और कोयला के परिवहन से प्रतिवर्ष रेलवे की आमदनी में पाकुड़ का उल्लेखनीय योगदान रहा है। राजस्व संग्रहण में बड़े योगदान के बावजूद इस क्षेत्र में



रेल यात्री सुविधाओं का अनुपातिक सुविधा उपलब्ध नहीं हो पायी है। पत्र में बाबूलाल ने जिक्र किया है कि भौगोलिक दृष्टि से पाकुड़ झारखंड-पश्चिम बंगाल की सीमा के प्रवेश द्वार होने के साथ जिला मुख्यालय भी है। सवारी गाड़ियों की ठहराव और नयी गाड़ियों के परिचालन के संबंध में समय-समय पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा रेल मंत्रालय के संज्ञान में लाने के लिए प्रतिवेदन प्रक्रिया भी की गयी है। अभी हाल में शुरू की गयी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव की व्यवस्था पाकुड़ स्टेशन में करने से एक बड़ी आबादी को दक्षिण भारत से सीधा रेल संपर्क की सुविधा मिलेगी। पत्र में बाबूलाल ने रेल मंत्री से इस दिशा में गंभीरता पूर्वक विचार कर जन आकांक्षाओं के अनुसार उक्त ट्रेन का ठहराव पाकुड़ में सुनिश्चित करने का निर्णय लेने का अनुरोध किया है।

### सरफराज अहमद का संदिग्ध परिस्थितियों में सदस्यता से इस्तीफा देना अस्वाभाविक है : बाबूलाल मरांडी

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सरफराज अहमद का संदिग्ध परिस्थितियों में विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देना अस्वाभाविक है। झारखंड में किसी गैर-विधायक को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास चल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी की आशंका से बौखलाहट में हैं। गुरुवार के बाबूलाल ने उक्त बातें एक्स पर एक पोस्ट में कही है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी गैर विधायक के लिए ये सीट खाली करायी गयी है। बाबूलाल मरांडी ने सीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो उन्हें इडी के समक्ष पेश होना चाहिए और इडी के सवालों का जवाब देना चाहिए। अगर सीएम हेमंत सोरेन सही हैं, तो फिर इडी के समक्ष हाजिर होकर जवाब देने में परेशानी क्यों हो रही है? सीएम को गिरफ्तारी का डर सता रहा है। इसीलिए गांडेय विधानसभा सीट खाली करवा कर विकल्प तैयार कराया गया है।

## जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन काफी रोमांचकारी रहा। पहला मैच बीपीवएसएस दुबालिया और सतियारी टोली के बीच हुआ। इसमें सतियारी टोली 5-4 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच राज स्पोर्ट क्लब बरियातू और रामदयाल मुंडा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें राज स्पोर्ट क्लब बरियातू ने 1-0 जीत दर्ज की। तीसरा मैच सतियारीटोली फुटबॉल क्लब और स्वर्णरिखा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें सतियारी टोली 2-0 से मैच जीत



लिया। चौथा मैच राज स्पोर्ट क्लब बरियातू और संत जॉन फुटबॉल एकाडमी के बीच खेला गया, जिसमें संत जॉन फुटबॉल टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। आदिवासी सेना के महानगर अध्यक्ष अजीत लकड़ा, चैती दुर्गा पूजा समिति के कोषाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ लल्लू, सरना सदान मूलवासी मंच के अध्यक्ष सुरज टोप्पो, चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, एदलहातू सरना समिति के अध्यक्ष मुकेश मुंडा, सीमा देवी, अशोक साहू, कुमोद कुमार वर्मा, अजय नाथ शाहदेव, नइम अंसारी, नुरुल होदा, बीरेंद्र तिवारी, राजा साहू, कैलाश तिर्की, आशुतोष गोस्वामी, मुन्ना बड़ाइक, प्रणय कुमार बब्बू, जुबेर भाई, इबरान अंसारी, गणेश दास को सम्मानित किया गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जो काम राज्य सरकार को करना था, वह काम केंद्रीय सरना समिति कर रही है।

अंतिम दिन मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सीपी सिंह होंगे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### यूको बैंक ने किया पौधरोपण, बांटा कंबल



रांची (आजाद सिपाही)। यूको बैंक के 82वें स्थापना दिवस पर रामकृष्ण मिशन सैनिटोरियम प्रांगण में यूको बैंक की ओर से पौधरोपण किया गया। साथ ही मरीजों के बीच कंबल वितरण हुआ। मुख्य अतिथि यूको बैंक रांची अंचल के अंचलाधिकारी मेजर विक्रांत टंडन, एनके मिश्रा, अभय शंकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रीकांत सिंह, मुकेश, आशीष कुमार सिंह, अभिलाष घोष, जीतेंद्र तिवारी, श्रेया सिन्हा, लीमा रोज मिंज, दीपक समेत अन्य उपस्थित थे।

### कृष्ण प्रणामी मंदिर में चार दिवसीय कथा कल से, सात को 151 जोडों का होगा सामूहिक विवाह



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के तत्वावधान में 6 से 9 जनवरी तक पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर प्रांगण में स्वामी सदानंद जी महाराज श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा का रसपान करायेंगे। स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में 151 जोड़ों का आदर्श सामूहिक विवाह सात जनवरी को कराया जायेगा। यह जानकारी संस्था की ओर से पत्रकारों से बातचीत में दी गयी। इस मौके पर सचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विशाल जालान, अरविंद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाडिया, ओमप्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, सुरेश चौधरी, मधु जाजोदिया, विष्णु सोनी, पुरणमल सर्राफ, उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।

### आकाशवाणी का सर्वभाषा कवि सम्मेलन 2024 का आयोजन आज




रांची (आजाद सिपाही)। आकाशवाणी का बहुप्रतिष्ठित और सबसे विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को दिन में 3 बजे 8 बजे तक आर्यभट्ट सभागार मोराबादी में शुरू हो रहा है। इस कार्यक्रम में अष्टम अनुसूची में शामिल बाइस भाषाओं के कविगण और अनुवादक कवि भाग ले रहे हैं। यह बाते प्रेस कॉन्फ्रेंस में दुर्गा चरण हेंब्रम डायरेक्टर इंजीनियरिंग और कार्यालय प्रमुख आकाशवाणी रांची, गौरव शिखर राय कार्यक्रम प्रमुख आकाशवाणी और पंकज मित्र ने कही उन्होंने कहा कि इसमें पूरे देश के अलग-अलग शहरों से युवा कवि आ रहे हैं, साथ ही अनुवादक कवि भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर यह कार्यक्रम आकाशवाणी में टेलीकास्ट किया जायेगा।

### राष्ट्रीय युवा सप्ताह का निर्णय सराहनीय: तुषार कांति



रांची (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के पूर्व सहायक सचिव तुषारकांत शीट ने कहा है कि केंद्र सरकार की युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना-नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर 6 से 12 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा सप्ताह के आयोजन का निर्णय सराहनीय है। उन्होंने कहा कि युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विभिन्न प्रतियोगिताएं और संगोष्ठी का आयोजन जिला स्तर पर करने का निर्णय लिया जाना स्वागत योग्य है। श्री शीट ने कहा कि स्वामी जी का जीवन युवाओं के लिए समर्पित रहा। उनके द्वारा किये गये कार्य आज भी प्रासंगिक हैं। साथ ही राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने पर भी केंद्रित है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में युवाओं को आगे आने की जरूरत है।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

### तकनीकी विकास के पहलुओं पर प्रकाश डाला गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वाणिज्य और व्यवसाय प्रबंधन विभाग, सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ बीके बिरला ऑडिटोरियम, बिरला कैंपस महिलौंग में किया गया। सम्मेलन में 'वाणिज्य, व्यवसाय प्रबंधन, प्रौद्योगिकी और सामाजिक नवोन्वेष में हालिया प्रगति' पर चर्चा की गयी।

सम्मेलन के पहले दिन अमेरिका के विश्व प्रसिद्ध हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रो जोसेफ बदाराको और वाटरशेड मैनेजमेंट आर्गेनाइजेशन, मिनेसोटा, अमेरिका के डॉ उदयभान सिंह ने



ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित श्रोताओं के समक्ष अपने विचार रखे। कॉरपोरेट जगत के दिग्गजों नाबार्ड के सीजीएम एसके जहागीरदार, अडानी पावर लिमिटेड के संजीव शेखर, सेल के आशीष चक्रवर्ती समेत शिक्षाविद एनआइटी जमशेदपुर के प्रो गौतम सूत्रधर ने इस अवसर पर अपना विचार व्यक्त किया। कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने आज के दौर में तकनीकी विकास के पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों की महत्ता के विषय में जानकारी दी।

कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी अब केवल शहरों तक सीमित न रहकर गांवों तक पहुच चुकी है, वहीं दूसरी ओर नवाचार और उद्यमिता आज साथ-साथ चल रहे हैं और अप्रयुक्त बाजार को खोजने में सहायता कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संदीप कुमार, सहायक प्राध्यापिका डॉ आरोही आनंद, डीन डॉ गौतम तांती भी मौजूद थे।

इस आयोजन के लिए प्रतिकुलाधिपति माननीय बिजय कुमार दलान और विवि के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## सावित्री बाई फूले-जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीएवी शिक्षादीप जयप्रकाश नगर रातू रोड में सावित्री बाई फुले और जयपाल सिंह मुंडा की जयंती गुरुवार को मनायी गयी। प्राचार्य आलोक कुमार ने सभी को नव वर्ष बधाई दी। मौके पर मुख्य वक्ता विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक, संस्थापिका नीलम देवी, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने सावित्री बाई फुले और जयपाल सिंह मुंडा के जीवन इतिहास पर प्रकाश डाला।

निदेशक शिवनंदन पाठक ने बताया कि झारखंड आंदोलन के प्रणेता संविधान सभा सदस्य देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाकर देश का नाम रौशन किये थे। संस्थापिका नीलम देवी ने सावित्री बाई फुले की जयंती (03 जनवरी) पर प्रकाश डालते हुए कहा वे देश की पहली महिला



शिक्षिका थीं, जिन्होंने महिला शिक्षा की अलख जगायी थी। शिव किशोर शर्मा ने भी दोनों के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुनिता मिश्रा, धन्यवाद ज्ञापन नीलम देवी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रीता सिंह, सीमा सिंह, मुस्कान कुमारी, चेतना उपाध्याय, दिव्या साहू, पुनम वर्मा, कक्षा के मॉनिटर राज आर्यन, अनमोल कुमार, आयुष कुमार, लवली कुमारी, अंकिता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# अडानी-हिंडनबर्ग केस पर फैसला

बहुचर्चित अडानी-हिंडनबर्ग रिसर्च विवाद पर बुधवार को आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला अहम तो है ही, यह कई नाजुक पहलुओं को बेहद संजीदगी से स्पर्श करता है। कहने की जरूरत नहीं कि इस फैसले को सावधानी से देखने और समझने की जरूरत है। राजनीतिक विवाद का हिस्सा होने की वजह से इस मसले से जुड़े कई पहलू आपस में गड्डमड्ड हो चुके थे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के सामने जब यह मामला आया, तो उसने अपना ध्यान इसके बुनियादी सवालों पर केंद्रित रखा। यही नजरिया फैसले में भी स्पष्ट झलकता है। यह फैसला मुख्यतः दो बिंदुओं- रिपोर्ट की प्रामाणिकता और सेबी के अधिकार क्षेत्र - पर कोर्ट के मूल्यांकन पर आधारित है। अडाणी ग्रुप द्वारा कथित स्टॉक मैनिपुलेशन पर दी गयी ओसीसीआरपी रिपोर्ट और हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इनकी सच्चाई को स्वतंत्र रूप से परखा नहीं जा सकता और इसीलिए इन रिपोर्टों को प्रामाणिक सूचना के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। यही नहीं, कोर्ट ने उन एफपीआइ रेग्युलेशंस की वैधता भी स्वीकार की, जिनका इस्तेमाल अडाणी ग्रुप ने कथित तौर पर स्टॉक मूल्यों को बढ़ाने में किया था। कोर्ट ने साफ कहा कि इन रेग्युलेशंस को रद्द करने का कोई ठोस आधार नहीं है। जहां तक सेबी के अधिकार क्षेत्र का सवाल है, तो सुप्रीम कोर्ट ने असाधारण संवेदनशीलता का परिचय देते हुए न सिर्फ अपनी सीमाओं का खयाल रखा, बल्कि संस्थानों की स्वायत्तता के सिद्धांत को नये सिरे से रेखांकित किया। फैसले में कोर्ट ने कहा कि सेबी के रेग्युलेटरी फ्रेमवर्क में प्रवेश करने का उसका अधिकार सीमित है। सेबी जैसे नियामक निकायों की अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता और स्वायत्तता के सम्मान के लिहाज से कोर्ट का यह रुख आगे अन्य मामलों में भी न्यायिक प्रक्रिया के लिए दिशा निर्देश का काम करेगा। यह इस बात का संकेत है कि जब तक नियमों, कानूनों के उल्लंघन के स्पष्ट सबूत न हों, तब तक इन नियामक निकायों के कामकाज में दखल देने से बचने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त एक्सपर्ट कमेटी के सदस्यों के खिलाफ हितों के टकराव संबंधी दलीलों को भी कोर्ट ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि किसी थर्ड पार्टी की अपुष्ट रिपोर्ट को कानूनी प्रक्रिया में सबूत के तौर पर पेश नहीं किया जा सकता। कुल मिलाकर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इस विवाद को पूरी तरह शांत भले न कर पाये, लेकिन इस मसले से जुड़े कानूनी पहलुओं को इसमें महत्वपूर्ण ढंग से संबोधित किया गया है। इसी वजह से यह जटिल पहलुओं वाले एक अहम मामले में दिए गए ऐतिहासिक फैसले के रूप में याद रखा जायेगा।

**कुल मिलाकर देखा जाये तो सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इस विवाद को पूरी तरह शांत भले न कर पाये, लेकिन इस मसले से जुड़े कानूनी पहलुओं को इसमें महत्वपूर्ण ढंग से संबोधित किया गया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की हैं।**

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में तकनीकी बदलाव-नवाचार के माध्यम से विकास को गति



जी किशन रेड्डी



एक दशक पहले, विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद, पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से, क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किये गये हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गये हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नयी क्रांति का वादा कर रहा है।

मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की हैं।

**पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं।**

कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआइएनइआर), जो एनइआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना है, के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है।

उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, टेलीमेडिसिन और मोबाइल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डिजिटल उपायों का समन्वय चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। धरातल पर किये जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ बी बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है, जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है।

तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नये रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआइइटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित कर-के टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गयी है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नये क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमइआइटीवाइ देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिजाइन, गेमिंग, जीआइएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केंद्र खोले जा रहे हैं। यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ायेगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा।

हाल के वर्षों में, पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दर्शायी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनइआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोतर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं।

देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निर्माताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है और इस क्षेत्र को तकनीकी-नवाचार और तकनीक-आधारित उद्यमिता के पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

**(लेखक भारत सरकार में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

# श्री श्री परमहंस योगानंद के जीवन का अत्यंत प्रेरक प्रभाव

विवेक अत्रे

**130वीं जयंती पर विशेष**



'छोटी मां, तुम्हारा पुत्र एक योगी बनेगा। एक आध्यात्मिक इंजन की भांति वह अनेक आत्माओं को ईश्वर के साम्राज्य तक ले जायेगा।' श्री श्री परमहंस योगानंद के परमगुरु, श्री श्री लाहिड़ी महाशय, ने इन अविस्मरणीय शब्दों में नन्हें मुकुंद के महान मार्ग के विषय में उस समय भविष्यवाणी की थी जब वे अपनी मां की गोद में मात्र एक शिशु थे।

कालांतर में जब मुकुंद ने अत्यंत कठोर अनुशासन के आध्यात्मिक प्रशिक्षण की अनेक वर्षों की अवधि पूर्ण करने के पश्चात स्वामी के गेरुए वस्त्र धारण करने का निर्णय किया, तो उनके गुरु, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, ने संन्यास परम्परा के अंतर्गत उन्हें योगानंद नाम प्रदान किया। योगानंदजी की पुस्तक योगी कथामृत के मेरे गुरु के आश्रम की कालावधि नामक प्रेरक प्रकरण में श्रीरामपुर स्थित उनके गुरु के आश्रम, जो उनके कोलकाता के घर से अधिक दूर नहीं था, में एक संन्यासी प्रशिक्षार्थी के रूप में उनके जीवन का रोचक वर्णन मिलता है। संपूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष 5 जनवरी को योगानंदजी का जन्मदिन मनाया जाता है। महान् गुरु, जो पश्चिम में योग-ध्यान के दूत थे, ने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक शिक्षाएं प्रदान करने के लिए अमेरिका में तीन दशक से अधिक समय व्यतीत किया था।

क्रियायोग मार्ग एक व्यापक जीवन शैली है और इसे आत्म-साक्षात्कार का वायुयान मार्ग कहा जाता है। योगानंदजी के लाखों अनुयायी उनकी क्रियायोग शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं और उनसे अत्यधिक लाभान्वित हुए हैं। यह लेखक व्यक्तिगत रूप से इस तथ्य की पुष्टि कर सकता है कि योगानंदजी द्वारा सिखायी गयी ध्यान प्रविधियों ने उसका जीवन पूर्ण रूप से रूपांतरित कर दिया है। योगानंदजी ने सन 1952 में अपना शरीर त्याग दिया था। उनकी शिक्षाओं के प्रसार का कार्य अधिकृत रूप से उनके द्वारा संस्थापित दो संस्थाओं – योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) और विश्व स्तर पर सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) के द्वारा संपन्न किया जा रहा है।

योगानंदजी के जीवन और व्यक्तित्व में व्याप्त शुद्ध प्रेम, शान्ति और आनंद ने लाखों लोगों को उनके मार्गदर्शन और ईश्वर के मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया है। योगानन्दजी वास्तव में स्वयं प्रेम के अवतार थे और आज भी उन्हें प्रेमावतार के रूप में जाना जाता है।

योगानंदजी के जीवनकाल में लूथर बरबैंक और अमेलिटा गैली-कर्सी जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति उनके शिष्य थे तथा गुरु के भौतिक शरीर त्यागने के बाद भी उनकी शिक्षाओं ने जॉर्ज हैरिसन, रविशंकर और स्टीव जॉब्स जैसे महान् लोगों के जीवन को अत्यन्त गहनता से प्रभावित किया है।

सन 1952 में जब उन्होंने इस पृथ्वी जगत से परलोक के लिए प्रस्थान किया, तब तक योगानंदजी ने दिव्य प्रेम के अपने शक्तिशाली संदेश के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को सूक्ष्म और प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया था। अपने शिष्यों के लिए उनका स्पष्ट परामर्श था कि शेष सब कुछ प्रतीक्षा कर सकता है, किंतु ईश्वर की उनकी खोज प्रतीक्षा नहीं कर सकती है।

योगी कथामृत के अतिरिक्त उनके विशाल लेखनकार्य में व्हिस्पर्स फ्रॉम इटरनिटी, मेटाफिजिकल मेडिटेशंस, और सॉन्ग्स ऑफ द सोल जैसी उत्कृष्ट पुस्तकें सम्मिलित हैं। उनके अनेक व्याख्यान जरनी टू सेल्फ-रियलाइजेशन, द डिवाइन रोमांस (दिव्य प्रेम-लीला) और मैंस इटरनल क्वेस्ट (मानव की निरंतर खोज) जैसी पुस्तकों में संकलित किये गये हैं। वाइएसएस/एसआरएफ पाठमाला, जिसका अध्ययन अपने घर बैठ कर किया जा सकता है, सभी सत्यान्वेषियों को ध्यान प्रविधियों के साथ-साथ आदर्श-जीवन कौशल के संबंध में चरणबद्ध मार्गदर्शन प्रदान करती है। इस धरती पर योगानंदजी का जीवनकाल कुछ दशकों तक ही सीमित था, परंतु ईश्वर-केंद्रित जीवन पर अपनी पूर्ण एकाग्रता से उन्होंने जिन शक्तिशाली आध्यात्मिक तरंगों का निर्माण किया था, वे अब एक विशाल आकार ले चुकी हैं। प्रत्येक भक्त जो पूरी लगन से उनकी शिक्षाओं का पालन करता है, इस संसार में और उसके परे उसका कल्याण निश्चित है।

## जमशेदपुर की खबरें

# बाबाकुटी में मृतक के परिजनों से मिली सांसद, दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** बीते दिनों बाबा कुटी के रहने वाले 6 युवक के एक साथ सड़क दुर्घटना मौत हो गयी थी। आर्थिक सहयोग नहीं मिलने पर परिजनों की स्थिति काफी दयनीय है। गुरुवार को सड़क हादसे में मारे गये आदित्यपुर बाबा कुटी के छः युवकों के परिजनों से मिलने चार दिन बाद सांसद गीता कोड़ा बाबा कुटी पहुंची। सांसद ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। साथ ही हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सवाल ये है की इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री भी आश्वासन देकर गये। उनके साथ भाजपा नेता आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व मेयर विनोद कुमार श्रीवास्तव, उप मेयर बॉबी सिंह, पूर्व भाजपा प्रत्याशी गणेश महाली ने भी कोई आर्थिक सहयोग की घोषणा नहीं की। हां सांत्वना जरूर दिया। उसके बाद सांसद ने भी परिजन से मुलाकात कर आश्वासन दिया। वहीं सवाल पर सांसद बिफर पड़ी और नपे-तुले अंदाज में जवाब देकर चलती बनी। बताया जा रहा है कि मारे गये सभी युवकों के परिजन इंडस्ट्रियल एरिया में मजदूर हैं। आपदा प्रबंधन विभाग से मिलनेवाला सहयोग सरकारी प्रक्रिया में है। लेकिन इतने बड़े दुर्घटना में अब तक न तो केंद्रीय मंत्री का सहयोग परिजनों को मिला, न ही सांसद और विधायक का। स्थानीय विधायक सह मंत्री चंपाई सोरेन तो सरकार पर छाये संकट में अपनी भूमिका तलाशने में जुटे हैं। उन्होंने तो पीड़ित परिवार के लोगों से मिलना भी जरूरी नहीं समझा। हां ट्वीट कर अपनी संवेदना जरूर जतायी है।

# फेसबुक से दोस्ती कर शादी करने पहुंचे युवक और युवती को परिजनों ने लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर के पुराने कोर्ट परिसर के पास शादी के लिए रजिस्ट्री करने आये युवक युवती पर परिजन जमकर बरसे और युवती को अपने साथ ले गये। हालांकि इस संबंध में युवती के परिजन पूर्व में भी युवक को युवती से दूर रहने की नसीहत दे चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार सोनारी निर्मल नगर निवासी 21 वर्षीय संजय मछुआ का बस्ती के ही रहने वाली 19 वर्षीय युवती से फेसबुक के माध्यम से बीते पांच सालों से प्रेम संबंध रहा था। गुरूवार को परिजनों को सूचना मिली दोनो कोर्ट में शादी करने आने वाला है। वहीं कोर्ट पहुंचते ही युवती के परिजनों ने संजय को डांट डपट कर जबरदस्ती युवती को अपने साथ ले गये। इस दौरान हंगामा देख लोगों की भीड़ जुटने लगी। मौके पर संजय ने बताया कि वह मूल रूप से चौका का रहने वाला है। फिलहाल निर्मल नगर में रहते है। पांच वर्ष पूर्व फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती संजना से हुई थी। इसकी जानकारी पर उसके परिजनों ने घर आकर युवती से अलग रहने के लिए धमकी भी दी। युवती जब 18 साल की हुई तो 31 अक्टूबर को दोनों ने शादी के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। किसी कारणवश नवंबर में शादी नहीं हो सका। गुरूवार को सुबह शादी करने के लिए पुराना कोर्ट आये थे। मौके पर परिजन पहुंच कर मारपीट की और युवती को साथ ले गये।

# बुजुर्गों की दुआएं ही हमारी ताकत है : काले

**हर हर महादेव सेवा संघ का कंबल वितरण जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कंबल सेवा जारी रखते हुए जमशेदपुर के स्लेग रोड, हरिजन बस्ती, सीतारामडेरा, बावरी बस्ती, लकड़ी टाल, भुइंयाडीह, ईटा भट्ठा लाइन, बारीडीह बस्ती, ट्यूब गेट, हरिजन बस्ती, बमार्माइन्स आदी कई क्षेत्रों में जरुरतमंद और बुजुर्गो के बीच कंबल सेवा की। इस मौके पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि संघ का हर एक सदस्य अपनी व्यक्तिगत क्षमता के अनुरूप जरूरतमंद की आवश्यकता की पूर्ति के लिए सहयोग प्रदान करता है बदले में आप सब की दुआएं प्राप्त करता है ओर यही हमारे संगठन की ताकत है।

इन सेवा कार्यों को सफल बनाने में स्थानीय कमेटी के मिष्टू सोना, सुनीता मूर्मू, पुष्पा सरदार, पूनम गुप्ता, सुरेश मुखी, महेश मुखी, टोनी सिंह, विक्की मुखी, मंजू देवी, शांति देवी, बादल मुखी, संतोष बाउरी (बाबू), कृष्णा बाउरी, बबलू बाउरी, विजय बाउरी, संजय बाउरी, सन्नी मिश्रा, बिरेंद्र सिंह, गौतम सिंह, संजय सिंह, अमन कुमार और हर हर महादेव परिवार से जूगुन पांडे, प्रिंस सिंह, शेखर मुखी, सनोज चंद्र, शशिकांत कुमार, रामा राव, सूरज चौबे और अन्य की भूमिका रही।

# कर्नाटक में राष्ट्रीय दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 8 से, राज्य के 14 खिलाड़ी रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** कर्नाटक में 8 से 12 जनवरी तक होने वाले चतुर्थ राष्ट्रीय दृष्टि बाधित महिला क्रिकेट टूनामेंट के लिए झारखंड से 14 महिला खिलाड़ी को चयन किया गया। गुरुवार को एग्रिको स्थित केरला पब्लिक स्कूल मैदान में झारखंड और बंगाल के दृष्टि बाधित महिला टीम का एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड से 14 खिलाड़ियों को चयन कर कर्नाटक में होने वाले नेशनल टूर्नामेंट के लिए भेजा गया। इसके लिए बीते 10 दिनों से झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से आये दृष्टिबाधित खिलाड़ियों को एग्रिको केरला पब्लिक स्कूल के मैदान में प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय टूनामेंट का आयोजन क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के माध्यम से की जा रही है। सहयोगी संस्था समर्थानम ट्रस्ट बैंगलोर के साथ क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन झारखंड और दिव्या ज्योति नेत्रहीन विद्यालय के सहयोग से झारखंड के खिलाड़ियो को टूर्नामेंट का अभ्यास कराया गया। झारखंड की 14 सदस्य के टीम में कोच पवन सावंत के नेतृत्व में बी1 कैटिगरी से प्रीति लकड़ा, एलएन लकड़ा, निधि कुमारी, काजल कुमारी और संजना कुमारी, बी2 से सुनीता मरांडी, प्रभा कुमारी, रिद्धिमा बोदरा, विमला कुमारी, बी3 केटेगरी से पूजा कुमारी दुमका से टीम की कप्तान के आलावे अन्य खिलाड़ी प्रीति कुमारी, निशा कुमारी, उषा सिंह, पाखी प्रजापति पूर्वी सिंहभूम जिला से सब्सीट्यूट खिलाड़ियों में मरियम हेमराम, रामगढ़ से पूजा, दुमका से सोनिया हंसदा व निधि कुमारी जमशेदपुर से टीम के साथ कर्नाटक के लिए रवाना हुए। प्रशिक्षण शिविर में क्रिकेट के संयोजक नितेश कुमार, त्रिलोचन झा, दीपक कुमार, अमित ओझा फंटूश मंडल ममता कुमारी शामिल रहे। दिव्या ज्योति नेत्रहीन विद्यालय के संस्थापक श्रीमती रिमा भट्टाचार्य का योगदान सरानीय रहा।

## शांति निवास, ज्ञान निकेतन, आरके पब्लिक और बालिका उच्च विद्यालय सेमीफाइनल में




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के मैच में शांति निवास हाई स्कूल,ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा, आरके पब्लिक स्कूल और बालिका उच्च विद्यालय को टीम सेमी फाइनल में प्रवेश किया। आज खेले गये मैच का मैन आॅफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास हाई स्कूल के श्रुति, बालिक उच्च विद्यालय की लक्ष्मी, ज्ञान भारती बेलचंपा की खुशबू और रामा साहू के सानिया को डीआरडीए के पदाधिकारी अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह और वरीय लेखा पदाधिकारी ऋचा वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, अभय कुमार, शिवम गुप्ता, आशुतोष रंजन, संजीव सिंह, संदीप गुप्ता, सोनू कुमार दीपक, सौरव सोनी, प्रभात तिवारी, दिव्य रंजन, अभय कुमार, नवनीत कुमार, रजनीश, रणजीत तिवारी मनीष, धीरज, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे शामिल थे।

# बीआरपी और सीआरपी शिक्षा विभाग की रीढ़ : प्रदेश सचिव

- बीआरपी, सीआरपी और विषय विशेषज्ञ संघ ने अपनी मांग को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया
- जरूरत पड़ी तो आंदोलन में भी सहयोग किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बीआरपी, सीआरपी और विषय विशेषज्ञ संघ ने अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया। सीआरपी



संजय कुमार सिंह ने कहा कि बीआरसी में नियुक्त अनुसेवक से भी कम मानदेय पर बीआरपी, सीआरपी कार्य कर रहे हैं विगत पांच वर्षों में एक रुपया भी मानदेय में वृद्धि नहीं किया गया, जो अत्यंत कष्टदायक है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सह गढ़वा जिला अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि बीआरपी, सीआरपी शिक्षा विभाग के रीढ़ हैं। बीआरपी, सीआरपी विभाग के सभी कार्यों का समय पर निष्पादित करते हैं। उन्होंने सरकार से बीआरपी, सीआरपी के मानदेय में वृद्धि करते हुए तत्काल सेवाशर्त नियमावली कैबिनेट से पास कराने की मांग किया है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय संगठन सचिव खुशदिल कुमार सिंह ने कहा कि बीआरपी, सीआरपी और विषय विशेषज्ञ संघ की मांग जायज है। बीआरपी, सीआरपी व विषय विशेषज्ञ संघों का नैतिक समर्थन करते है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो बीआरपी, सीआरपी और विषय विशेषज्ञ संघों के समर्थन में आंदोलन में भी सहयोग किया जायेगा।

## 24वीं नेशनल स्काय प्रतियोगिता की झारखंड टीम में गढ़वा जिले के 6 खिलाड़ियों का चयन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** 24वीं नेशनल स्काय प्रतियोगीता जो 4 से 6 जनवरी तक ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान में हो रही है, उक्त प्रतियोगीता में गढ़वा जिले के कुल 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिनका नाम पवल कुमार 40 किलो, नवशाद आलम 52 किलो, अजय कुमार 57 किलो, ऋषभ शुक्ला 61 किलो, सूर्या कुमार 65 किलो, विकास कुमार 70 किलो में राज्य के लिए खेलेगें। उक्त अवसर पर संघ के अध्यक्ष बिपिन बिहारी तिवारी के साथ साथ खेल कूद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, शिव शकर पांडे, नितिन तिवारी, हरिनंद पांडे, लव कुमार दुबे राम प्रवेश तिवारी के साथ साथ लक्ष्मी कुमारी, विजेता कुमारी, ऋषि कुमार, दिव्या तिवारी, मुस्कान कुमारी आदि खिलाड़ियों ने जीत की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

## शिक्षक की अचानक हृदयाघात से मौत



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** कांड़ी प्रखंड क्षेत्र के मझिगांवा गांव निवासी राकेश कुमार चौबे उम्र 48 वर्ष पिता स्व। राजेंद्र प्रसाद चौबे का अचानक हृदयाघात से गुरुवार को मौत हो गयी। स्वजनों ने बताया कि राकेश चौबे मध्य विद्यालय पाचाडुमर संकुल संसाधन केंद्र, प्रखंड केतार में संकुल साधन सेवी के पद पर कार्यरत थे। प्रतिदिन की भांति सुबह में नाश्ता करने के बाद पाचाडुमर जाने को लेकर तैयार हुए थे। इसीबीच सीने में तेजी से दर्द होने की शिकायत घरवालों को बताया। आनन फानन में निजी वाहन के द्वारा गढ़वा अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पिछे पत्नी और चार नबालिग बच्चों को छोड़ गये। अचानक मौत होने की खबर को सुनकर शिक्षा विभाग गढ़वा सहित गांव में शोक की लहर आग की तरह फैल गया। जिससे लोग काफी शोकाकुल है। दाह संस्कार शुक्रवार को किया जायेगा।

# भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की जयंती कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय तमगेकला में भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले की, 193वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ तमगेकला कला पंचायत की मुखिया रिंकी देवी, उपमुखिया, प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश मिंज, सहायक अध्यापक शशि भूषण कुमार ने संयुक्त रूप से सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रिंकी देवी ने कहा कि आज से दो सौ वर्ष पहले महिलाओं की जो स्थिति थी और आज जिस मुकाम पर महिलायें पहुंचीं हैं इसमें सावित्री बाई फुले का अहम योगदान है। प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश मिंज ने कहा कि आप सभी को सावित्री बाई फुले की जीवनी से सीख लेनी चाहिए और अधिक से अधिक शिक्षा प्राप्त कर परिवार, समाज और देश का मान बढ़ाना चाहिए। मंच संचालन के क्रम मे सहायक अध्यापक शशि भूषण कुमार ने कहा कि सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 ई० में महाराष्ट्र के सतारा जिला खंडाला तहसील नए गांव में उस समय हुआ जब बालिकाओं का जन्म लेना, विद्या अर्जन के लिए विद्यालय भेजना अशुभ और कष्ट कारक माना जाता था। किन्तु सावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योति राव फुले से पढ़कर 1848 में 71 निःशुल्क बालिका विद्यालय खोली और पढ़ाने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने देश का पहला प्रसूति गृह, अनाथ बच्चों के लिए अनाथालय तथा महिलाओं को विध्वा होने पर सर मुड़वाने की कुरितियों पर रोक लगाई और रात्रि पाठशाला खोल कर मजदूरों और उनकी स्त्रियों को पढ़ाने का काम किया। इस अवसर पर संतोष तिवारी, जीतन ठाकुर, ओमप्रकाश साह, रविंद्र भारती, मो० रिजवान, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, छात्र छात्रायें, अभिभावक सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# विशुनपुरा प्रखंड में मनरेगा योजना में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रही है

आजाद सिपाही संवाददाता




**विशुनपुरा।** गढ़वा विशुनपुरा मजदूरों को पलायन रोकने तथा रोजगार सृजन को लेकर सरकार मनरेगा योजना पर मुख्य रूप से फोकस करते हुए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की सपना देख रही है। वहीं विशुनपुरा प्रखंड में मनरेगा योजना में गड़बड़ी थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रखंड के पतिहारी और अमहर खास पंचायत मे मनरेगा योजना के तहत डोभा निर्माण कार्य में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से खुदाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पतिहारी पंचायत के ग्राम देवगुड़वा में मिनत हुसैन के खेत में डोभा निर्माण रातो रात जेसीबी मशीन से निर्माण कार्य कर लिया गया। इस योजना में 16830 रु का भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं ग्राम देवगुड़वा में बदत अंसारी के खेत मे डोभा निर्माण योजना में मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से कार्य किया गया है। इस योजना में पदाधिकारियो के मिलीभगत से 74970 रु का भुगतान भी कर दिया गया है। वहीं अमहर पंचायत में शंभु बियार के खेत में डोभा निर्माण योजना में भी मशीन से कार्य कराया गया है। इस योजनाओं में जेसीबी मशीन का निसान साफ दिख रहा है। इन सभी योजनाओं को रातों-रात निर्माण कार्य पूरा कर लिया। और मजदूर सिर्फ नेट पर कार्य करते दिख रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त सभी योजना निर्माण में जेसीबी मशीन का प्रयोग करने के मामले को लेकर विभाग के पदाधिकारी की जानकारी में किया जा रहा है। आसपास के लोगों बताया कि मनरेगा योजना के तहत मशीन से निर्माण किये जाने वाला कई योजना है। और कार्य के बाद विभाग के अधिकारी के जानकारी होने के बाद भी राशि का भुगतान कर दिया जा रहा है। लोगों ने बताया कि योजना में विभाग से जुड़े बिचौलिया हाबी हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ हीरक मन्ना केरकेटा ने कहा कि जांच कर दोसी पाए जाने पर मुखिया, पंचायत सेवक एवम रोजगार सेवक पर कारवायी की जायेगी।

## जरूरतमंदों के बीच डॉ लालबहादुर ने किया कंबल वितरण



**मेराल(आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ लालबहादुर के द्वारा गुरुवार को अपने संगबरिया स्थित अजंता अस्पताल परिसर में करीब पांच दर्जन असहाय और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आने वाले गरीब तथा असहाय लोगों का निःशुल्क इलाज के साथ-साथ उनके रहने आदि की भी व्यवस्था की जाती है। डॉ लाल बहादुर ने लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी असहाय मरीज का इलाज करने के लिए संकल्पित हैं। उस मौके पर लालमणि राम, फुलमनिया कुंवर, नंदकेश्वर राम आदि डॉ लालबहादुर के कार्यों की सराहना करते हुए खूब आशीर्वाद दिया।

## सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के अधिकारों के लिए बड़ी भूमिका निभायी : रघुराई राम



**मेराल (आजाद सिपाही)।** अंबेदकर विचार मंच बगही टोला तेनार के तत्वावधान में बुधवार की शाम में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में नारी मुक्ति आंदोलन के प्रणेता, शिक्षा का अलख जगाने वाली देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुल की 193 वी जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गढ़वा जिला एसी एसटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रघुराई राम, विशिष्ट अतिथि बसपा नेता अजय मेंटल उर्फ अजय चौधरी, जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम सहित सावित्रीबाई फुले महिला स्वयं सहायता समूह के महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रघुराई राम ने कहा कि माता सावित्रीबाई फूले ने महिलाओं के अधिकारों के लिए बड़ी भूमिका निभायी। कार्यक्रम को अजय मेंटल, सुनील कुमार गौतम, मानदेव चौधरी, शिवशंकर राम, दिनेश कुमार, शिक्षक गौतम कुमार, शिवनाथ राम, दिलीप कुमार, निरंजन कुमार, डॉ कमलेश राम ने भी संबोधित किया। संचालन डॉ राजेश कुमार के द्वारा किया गया।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण शुरू



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में पूरे प्रखंड में अयोध्या से आयी पूजित अक्षत का वितरण कार्य शुरू किया गया। इसी क्रम में घर-घर घूम रहे विहिप प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष वैद्य ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आई पूजित अक्षत को घर-घर में वितरण किया जा रहा है। लोगों से अपील की जा रही है कि उस दिन सभी लोग दिये जलाकर अपने-अपने घरों में दीपावली मनायें। इस पुनीत कार्य मे विहिप प्रखंड अध्यक्ष के साथ खंड कार्यवाह नीतीश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य, शंकर गुप्ता, सूरज कुमार, डॉ जी प्रसाद, विष्णु कुमार, जितेंद्र गुप्ता सहित विहिप के अन्य सदस्य शामिल थे।

## जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली की ओर से गुरु सिंधु जलप्रपात में सहेली के पदाधिकरी और सदस्यों ने पिकनिक का आनंद लिया, साथ ही गरीब जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के बीच गर्म कपड़े, बिस्कुट और टॉफी का वितरण किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली की अध्यक्ष रितु जयसवाल ने और संचालन जायंट्स सहेली गढ़वा की प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पदाधिकारी सीमा केसरी, जायंट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी सहित सहेली के पूर्व अध्यक्ष रीता केसरी, लता गुप्ता, माला केसरी, सुनीता केसरी विशेष रूप से उपस्थित थी। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली समाज सेवा के क्षेत्र में तेईस वर्षों से काम कर रही है और आगे भी जरूरतमंदों की सेवा में सहेली की बहने सदैव लगी रहेगी। इस अवसर पर बिना केसरी, कंचन, रीमा, संगीता गुप्ता, वंदना सोनी, रीना, मंजु, रीना सोनी आदि सदस्य उपस्थित थी।

# कसौधन वैश्य महासभा का चुनाव 7 को

- निर्विरोध रूप से युवा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उमेश कश्यप गढ़वा, महामंत्री नीरज कुमार रांची, कोषाध्यक्ष संतोष कश्यप को चुना गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कसौधन वैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के तीन वर्षीय प्रदेश युवा टीम के गठन हेतु चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी थी। जिसकी सूचना झारखंड प्रदेश/ज़िला कार्यकारिणी को दिनांक 24/12/2023 को दी गयी थी। इस निमित नॉमिनेशन की अंतिम तिथि 30/12/2023 और नाम वापस लेने की तिथि 03/01/2024 तथा चुनाव की तिथि 07/01/2024 को गढ़वा में रखा गया था। उक्त सूचना के आलोक में निर्विरोध रूप से युवा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उमेश कश्यप गढ़वा जो वर्तमान में गढ़वा ज़िला अध्यक्ष है, युवा प्रदेश महामंत्री के रूप में नीरज कुमार रांची, युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में संतोष कश्यप। चुनाव पदाधीकारी नाथ कसौधन सह राष्ट्रीय महामंत्री रायपुर और चुनाव संचालन अमित कश्यप गढ़वा राष्ट्रीय संगठन मंत्री के द्वारा निर्वाचित निर्विरोध घोषित किये गये। तीनों पदाधिकारियों को राष्ट्रीय युवा कसौधन वैश्य महासभा की ओर से बहुत बहुत शुभकामनायें दीं। निर्वाचित अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि झारखंड प्रदेश में समाज के कार्यों को उचित जगह पर रखने का कार्य करूंगा, सभी लोगों को लेकर चलने का कार्य होगा। हर ज़िला प्रखंड में संगठन बनेगा समाज के हक अधिकार के लिए संघर्ष जारी रहेगा बहुत जल्द झारखंड समाज का नाम केंद्रीय ओबीसी सूची में दर्ज होगा।

## पूजित अक्षत को लेकर निमंत्रण यात्रा का आयोजन



**रमना (आजाद सिपाही)।** वर्षों की तपस्या, संघर्ष और प्रतीक्षा के फलस्वरूप अयोध्या धाम में बनने वाले श्री राम मंदिर में आगामी 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री राम के मूर्त रुप का प्राण प्रतिष्ठा होना सुनिश्चित हुआ है। इस पवित्र क्षण का साक्षी बनने हेतू श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के द्वारा देश के सभी सनातनियों को अच्छत और पत्रक देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। पूरे भारत में विहिप बजरंग दल के तत्वाधान में शहर से गांव तक लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। मौके मुखिया रीता देवी, बीडीसी कविता विश्वकर्मा, शंकर चंद्रवंशी, चुन्नू सिंह, विनोद विश्वकर्मा, प्रमेंद्र यादव, उपेन्द्र मेहता, प्रयाग सिंह, कुलदीप, राहुल, रविंद्र, सुदामा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कुंबाखुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया विवेक कुमार ने किया कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के आगमन पर जेएसएलपीएस की महिलाओं ने पूजा अर्चना किया। इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम और मुखिया विवेक कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद 'धरती कहे पुकार के' विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया।

## अवैध खनन और भंडारण पर अंकुश लगाने को लेकर बैठक

**गढ़वा (आजाद सिपाही।** जिला में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। यह बैठक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित की गयी। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह समेत अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा/रंका समेत कई वरीय पदाधिकारी ने भाग लिया, साथ हीं अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में भाग लिया। जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को दिशा निर्देश दिये।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत का वितरण प्रारंभ



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा विशुनपुरा प्रखंड में विहिप के द्वारा अयोध्या से आयी पूजित अक्षत का वितरण प्रारंभ किया गया। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आयी पूजित अक्षत को घर-घर में वितरण किया जा रहा है। लोगों से अपील की जा रही है कि उस दिन सभी लोग दिये जलाकर अपने-अपने घरों में दीपावली मनाएं। इस मौके पर जिला धमाचार्य प्रमुख राधेश्याम पांडेय, ज्योतिषाचार्य रविन्द्र कुमार मिश्र, रामजन्म साव, अमरेंद्र सिंह, सिल्वंत सिंह, फुटून सिंह, सूरज सिंह, अविषेक उवस्थित थे।

# ऋण माफी का पंजीकरण कराने को लेकर महिलाओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



ऋण माफी के नाम पर उमड़ी महिलाओं की भीड़ से मामले की जानकारी लेते बीडीओ

**भवनाथपुर।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी कर्मी की शिकायत पर भवनाथपुर थाना पुलिस ने ऋण माफी की ऑनलाइन पंजीकरण करने वाले आशुतोष कुमार लाल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि ऋण माफी की सुचना पर भवनाथपुर में ऋण माफी की पंजीकरण कराने को लेकर सैकड़ों महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ऋण माफी की सुचना पर विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मियों ने भवनाथपुर बीडीओ और थाना को जानकारी दी।

भवनाथपुर प्रखंड सहित खरौंधी, केतार, हरिहरपुर क्षेत्र में पिछले दो दिनों से आग की तरह खबर फैली। खबर फैली की भवनाथपुर में आशुतोष कुमार लाल के दुकान पर माइक्रो फाइनेंस कंपनी से 2.50 लाख रुपये का ऋण लेने वाली महिलाओं का कर्ज मुक्त भारत अभियान के तहत ऋण माफी हो जायेगा। जिसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा रहा है, उसके बदले 20 से 30 रूपए लिया जा रहा है। जहां आशुतोष कुमार लाल के नारायण सेवा नामक दुकान पर अफरातफरी मच गयी। समस्ता फाइनेंस कंपनी के विहार, झारखंड प्रभारी राधेश्याम कुमार, वरीय जोनल प्रबंधक अभिषेक सिंह तथा पुष्कर झा डिविजनल मैनेजर क्षेत्र भ्रमण के दौरान समुह की महिला ने ऋण माफी के नाम पर पंजीकरण की जानकारी दी। इसके बाद कंपनी के लोगों ने भवनाथपुर बीडीओ और थाना को जानकारी दी। सुचना मिलते ही बीडीओ नंद जी राम, थाना की गस्ती दल के साथ मौके पर पंहुचे और जानकारी हेतु आशुतोष कुमार लाल को हिरासत में लेकर थाने लायी। हालांकि आशुतोष कुमार लाल ने कहा कि हम अपने दुकान पर ऑनलाइन पंजीकरण करने का पैसा ले रहे हैं। पुछे जाने पर कहा कि ऋण माफी की गारंटी नहीं है।

थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि ऋण माफी के नाम पर 20 से 30 रुपया प्रति महिला से वसूल की सूचना पर पुलिस गयी थी। यह विकास से जुड़ा मामला है। बीडीओ जांच कर जो रिपोर्ट देंगे उस पर कार्रवाई किया जायेगा।

जबकि बीडीओ नंद जी राम ने बताया कि कर्ज माफी का किसी प्रकार की जानकारी सरकार के द्वारा नहीं दी गयी है। यह भ्रामक खबर है लोग भ्रामक खबर से दूर रहें।

समस्ता फाइनेंस कंपनी के झारखंड, बिहार प्रभारी राधेश्याम कुमार तथा अरोहण कंपनी के एरिया मैनेजर हरिओम कुमार ने बताया ऋण माफी की खबर पुरी तरह से गलत है। समुह की महिलाएं भ्रामक खबर से दूर रहें।

उल्लेखनीय है कि भवनाथपुर में चैतन्या, अरोहण, भारत, उत्कर्ष, समस्ता फाइनेंस कंपनी सहित एक दर्जन कंपनिया महिला समूह को ऋण दे रखी है। जिसके कर्मचारी ऋण वसूली का काम करतें हैं। दो दिन पूर्व ही बनसानी पंचायत में फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी ऋण वसूली में गया था जहां महिला ने कर्ज मुक्त भारत अभियान के तहत ऋण माफी कराने की बात कही। इसी बीच महिला और कर्मचारी में काफी नोक झोक भी हुई थी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–09/2023–24 ,PR संख्या–314214 Building (23-24)#D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–09 को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 315082 (Building)23-24*D

# डोर टू डोर जाकर मतदाताओं के नाम का सत्यापन करें : उपायुक्त

**उपायुक्त ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को फॉर्म-6 द्वारा अधिक से अधिक नये मतदाताओं (18 एवं 19 आयु वर्ग) का नाम जोड़ने का निर्देश दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रखंड कार्यालय खूंटी के सभागार में गुरुवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 60-खूंटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों के प्रपत्र-6, 7 एवं 8 का सुपर चेकिंग की गयी। बैठक में 60-खूंटी के इआरओ सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, प्रखंड विकास पदाधिकारी खूंटी ज्योति कुमारी सहित संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक शामिल हुए। उपायुक्त ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को फॉर्म-6 द्वारा अधिक से अधिक नये मतदाताओं (18 एवं 19 आयु वर्ग) का नाम जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के दौरान मतदाता सूची में नाम नहीं रहने के कारण कोई भी पात्र मतदाता अपने वोट देने के अधिकार से वंचित ना रह जाए। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन की अवधि से पूर्व प्राप्त प्रपत्र 6, 7 एवं 8 तथा फोटो सिमिलर इंट्री एवं डेमोग्राफिकल सिमिलर इंट्री के लंबित कार्यों का निष्पादन 12 जनवरी 2024 तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि ई-विद्यावाहिनी में पंजीकृत विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के दौरान विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि किसी भी विद्यार्थी का नाम छूट ना जाए। उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि मतदाताओं से संबंधित सभी प्रपत्रों को भरने में विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। सभी प्रपत्रों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने का निर्देश दिया गया।

### पांच परगना के बिजली उपभोक्ताओं को टेंशन

## तमाड़ के लोगों को बिल जमा करने के लिए जाना पड़ता है बुंडू

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** पूरे पांच परगना क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को बिल जमा करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। तमाड़ प्रखंड के लोगों को बिजली का बिल जमा करने के लिए बुंडू जाना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुंडू में ही बिजली बिल जमा करने के लिए मशीन लगी हुई है। तमाड़ में पावर हाउस है, जहां महीने के 29 तारीख को मैनुअल बिल जमा होता है, अगर यहां भी मशीन लगती, तो रोजाना बिल जमा होता। इसी तरह सोनाहातू का हाल है, वहां के उपभोक्ता भी बुंडू जाकर ही बिल जमा करते हैं, जिसमें बहुत उपभोक्ता बिल जमा नहीं कर पाते हैं। इससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। साथ ही पांच हजार से अधिक बिल आने पर बिना चेतावनी कनेक्शन काट दिया जाता है, तब फिर कनेक्शन चालू करवाने मे पांच सौ से अधिक खर्च हो जाता है और उसको अपडेट करवाने में दो से तीन महीने लग जाते हैं। इस इलाके में पांच हजार से अधिक कनेक्शन है। राहे प्रखंड में भी पावर हाउस है, वहां भी मशीन नहीं है।

अड़की प्रखंड में भी बिल जमा नहीं होता है। उपभोक्ताओं को खूंटी जाना पड़ता है। उपभोक्ताओं ने हर प्रखंड में बिजली बिल जमा करने के लिए मशीन लगाने की मांग की है।

## खलारी में चौथे दिन भी पीडीएस डीलर हड़ताल पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** एक जनवरी से लगातार चौथे दिन भी हड़ताल पर है खलारी के पीडीएस राशन डीलर। ऑल इंडिया फेयर प्राईश शॉप फेडरेशन की झारखंड इकाई एव फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोशिएशन रांची जिला के निर्देश पर खलारी, डकरा एव मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के कुल 61 पीडीएस राशन डीलर हड़ताल पर है। हड़ताल के कारण राशन का उठाव एवं वितरण पूरी तरह से बन्द है। सभी राशन पीडीएस डीलर के दुकानों पर ताला लटका हुआ है। पीडीएस राशन डीलरों ने बताया कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध मानदेय और अन्य लंबित मांगों के समर्थन में एक जनवरी से सम्पुर्ण भारतवर्ष में अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार भी कमीशन में वृद्धि और अनुकंपा को पूर्ववत जारी रखने के अपने वायदे को नहीं निभाती तो केंद्र और राज्य दोनों के विरुद्ध यह अभियान जारी रहेगा। आंदोलन के क्रम में सभी पीडीएस डीलर अपने प्रतिष्ठानों एवं इपोश मशीनों को बंद रखने का आह्वान किया गया है।

## पिपरवार में यूनाइटेड कोल वर्क्स यूनियन का स्थापना दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में गुरुवार को यूनियन का 86वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत युनियन के कामेश्वर राम ने झंडोतोलन कर किया, जिसके बाद शहीद वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर कोयला उद्योग में शहीद कोयला कामगारों को श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश भर में कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए यूनियन संघर्षरत है। वक्ताओं ने यूनियन के गौरवशाली इतिहास पर जानकारी देते हुए सभी मजदूरों को एकजुट होने की अपील की।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार के द्वारा नये-नये नियम और कानून लागू कर कोयला मजदूरों को परेशान कर रही है, जिसके खिलाफ आंदोलन को तेज किया जायेगा और समय पर सरकार को जवाब दिया जायेगा। मौके पर मुंद्रिका प्रसाद, कामेश्वर राम, ईश्वर दयाल मेहता, बाबूलाल राम, रामजीत राम, विमल महतो, बसंत कुमार, गणेश राम, चमन महतो, टिकेश्वर ठाकुर, हिमांशु चटर, अनिल कुमार, रविंद्र महतो, बासुदेव प्रजापति, किशोरी साव, दिलीप चौधरी, मोहम्मद अशदुल्ला, मंकू महतो, जयशंकर महतो, जय शंकर चौधरी, चंद्रदेव ठाकुर, रविंद्र महतो, कोलेश्वर ठाकुर, गणेश महतो, बुटन महतो, लटन महतो, किशुन महतो, बालेश्वर महतो, सीटू महतो सहित कई कोयला मजदुर उपस्थित थे।

### मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम पर डालसा सभागार में कार्यशाला

## गोल्डन आवर में घायल व्यक्ति की मदद जरूर करें : मनोरंजन कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में डालसा सभागार भवन में गुरुवार को मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम 2019 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि मोटर दुर्घटना के मामले अत्यंत गंभीर होते हैं। इसमें जिंदगी और मौत का सवाल होता है। यदि उस गोल्डन आवर में उसकी तुरंत मदद न की जाय, तो व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसलिए हम सबको अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी और इसका निर्वाह करना होगा। सभी पीएलवी को निर्देशित करते हुए कहा कि पीएलवी पीड़ित व्यक्ति को घटना स्थल से लेकर अस्पताल और प्रशासनिक मदद दिलाने के लिए त्वरित कर्रवाई करने के लिए तत्पर रहे, ताकि बहुमूल्य जान बचाई जा सके। एलएडीसी चीफ राजीव कमल ने कहा कि सही वक्त पर दवा और निःशुल्क इलाज होना अति आवश्यक है। मोटर वाहन दुर्घटना में एआइआर सभी पुलिस जांच अधिकारी को 30 दिनों के अंदर जमा करना है और यह सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है, जिसका सबको पालन करना है।

एलएडीसी अस्सिटेंट अमरदीप कुमार ने कहा कि एफएआर 48 घंटे के अंदर एमएसीटी न्यायालय में जमा कराएं। इस कार्यशाला में डालसा के डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, सभी पीएल वी आदि उपस्थित थे।

## खूंटी में सरना धर्म कोड महारैली सात जनवरी को



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सरना धर्म समन्वय समिति खूंटी की विशेष बैठक गुरुवार को डाक बंगला में आयोजित की गयी, जिसमें सरना धर्म कोड को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस संबंध में बताया गया कि सात जनवरी को खूंटी में सरना धर्म कोड महारैली का आयोजन किया जायेगा। इसके सफल आयोजन के लिए कोर कमेटी का गठन किया गया। सोमा मुंडा ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के लाखों प्रकृति पूजकों के अस्तित्व एवं अस्मिता का सवाल है। उन्हें उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करना क्रूर मजाक है। सरना धर्मावलंबियों की संख्या 50 लाख से अधिक होने के बावजूद धर्म कोड नहीं दिया जा रहा है। सरना धर्म कोड के लिए जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है। दुर्गावती ओड़ेया ने कहा कि सरना धर्म कोड महारैली में खूंटी के अलावा रांची, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिम सिंहभूम के सरना धर्मावलंबी शामिल होंगे। साथ ही देश के विभिन्न राज्यों के प्रकृति पूजक प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। बैठक में बिरसा कंडीर, सुनील गुड़िया, सुभासिनी पूर्ति, सुनील ओड़ेया, कुंवारी होरो, मोदेस्ता तोपनो, बुधराम मुंडा, कैलाश सांगा, अमृता मुंडा, अनुपम हस्सा आदि मौजूद थे।

### अड़की में हुई लूट मामले में तीन गिरफ्तार

## मोबाइल और कुछ राशि बरामद, टॉय गन से डराकर व्यापारी से हुई थी लूट

**मामले में शामिल सभी तीन लुटेरों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया है।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना के गुंतुरा एवं उलिहातू मोड़ के बीच एक व्यापारी से नये साल के दूसरे दिन मंगलवार को हुई लूट के मामले में शामिल सभी तीन लुटेरों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में अड़की के हूंट सांगी टोला निवासी मंगरा मुंडा (23 वर्ष) तमाड़ थानांतर्गत विजयगिरी गांव के शिवा नाग (19 वर्ष) तथा मारंगहादा थानांतर्गत लांदुपडीह गांव के सोमरा मुंडा उर्फ धनीराम मुंडा (21 वर्ष) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने व्यापारी से लूटी गयी एक मोबाइल सहित दो मोबाइल फोन, नगद 27 सौ रुपये, लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक काला रंग का टॉय गन आदि बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि टॉय गन से डराकर व्यापारी को लूटा गया था। यह जानकारी जिला पुलिस द्वारा गुरुवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गयी। ज्ञातव्य है कि तमाड़ में एक किराए के मकान में रहकर ग्रामीण क्षेत्र के दुकानों में चॉकलेट, बिस्किट सहित अन्य खाद्य सामाग्री बेचने वाले बंगाल के एक व्यापारी जब मोटरसाइकिल से सामान बेचने अड़की उलिहातू मार्ग में अवस्थित गांवों की ओर जा रहा था तो मोटरसाइकिल में सवार तीन लूटेरों ने व्यापारी से नगद लगभग सात हजार और मोबाइल लूट ली थी। इस संबंध में अड़की थाना में एक मामला दर्ज किया गया था। कांड के उद्भेदन के लिए खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में बनाये गये एसआइटी ने तकनीकी सहयोग एवं गहन अनुसंधान के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। छापामारी दल में अड़की थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा, अड़की थाना के एसआई उत्तम कुमार, एसआइ मनोज तिर्की, एसआइ बिरजू प्रसाद, एसआइ अर्जुन कुमार सिंह, एसआइ शशि प्रकाश सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हाथियों के झुंड ने फसल रौंदी, मुआवजा की मांग



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के महेशपुर, उरांवडीह, गोमदा गांव में बुधवार रात हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया। हाथियों ने सब्जी और धान को खाया और नष्ट किया। किसान दिलीप चटर्जी, शंकर महतो, गुही दास, परमानंद तेली, अर्जुन महतो, गणेश महतो, किशन महतो, प्रकाश महतो, कालीचरण महतो, समीर महतो, हरिया महतो, कौशल्या देवी, विनती देवी, गणेश महतो की 10 एकड़ में लगी सब्जी और धान फसल नष्ट हो गये। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की।

### लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ कबड्डी-फुटबॉल मैच




**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत आजीविका महिला संकुल संगठन मरधान के द्वारा फुटबॉल और कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। उक्त मैच का आयोजन लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत जादोडीह मैदान में किया गया। कबड्डी मैच का फाइनल मधुडीह महिला ग्राम संगठन और जगाईसिगु महिला ग्राम संगठन के बीच खेला गया। इसमें की जगाईसिगु महिला ग्राम संगठन टीम 6/4 प्वाइंट से विजयी रही। वहीं फुटबॉल मैच का फाइनल बाबूरामडीह और हुरुंडीह के बीच खेला गया, जिसमें हुरुंडीह की टीम पेनाल्टी शूट आउट के जरिये 2-1 से विजय हुई। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो ने कहा कि लिंग हिंसा के विरुद्ध आयोजित यह कार्यक्रम काबिलेतारीफ है। महिला दीदी घर से निकल कर बेटियों को एक संदेश दे रही है कि बेटों से बेटी कम नहीं है। मौके पर तमाड़ प्रखंड प्रभारी श्याम कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य भवानी सिंह मुंडा, उपप्रमुख शकुंतला देवी, मुखिया, पंसस प्रतिनिधि अश्विनी कुमार महतो ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर बीपीएम रामकृष्णा महतो, बासु सेठ, एफटीसी शशिभूषण महतो, रानी प्रवीण, सालू कुमारी, पार्वती देवी, सरिता देवी, ज्योति कुमारी, गंगा देवी, रिंकी कुमारी आदि शामिल थे।

### सोनाहातू में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गलऊ पंचायत भवन में गुरुवार को केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोईरी उपस्थित थे। सांसद प्रतिनिधि द्वारा सभी को संकल्प शपथ पत्र पढ़ाया गया। कार्यक्रम में जागरुकता रथ पर लगे एलइडी स्क्रीन पर मोदी सरकार के द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण और जनहित की उपयोगी योजनाओं के विषय में आमलोगों को जानकारी दी गयी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार, मुखिया सावना महली, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी धनंजय कुमार, जेएसएलपीएस के अभिलाषा कुमारी, अभिषेक चक्रवर्ती, अनंत हजाम, बसंत महतो, हेमंत माझी, रवींद्र कुमार, सौरभ कुमार सहित कई उपस्थित थे।

### यूसीडब्ल्यू का 86वां स्थापना दिवस मनाया गया




**खलारी (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन का 86 वां स्थापना दिवस यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में मनाया गया। सर्वप्रथम यूनियन का झंडा फहराया गया शहिद बेदी पर बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद यूनियन के नेताओ द्वारा यूनियन के इतिहास पर उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई और मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की गयी यूनियन के उपलब्धियो को लोगो के बीच बताई गयी। कार्यक्रम में एरिया अध्यक्ष कृष्णा चौहान, एरिया सचिव प्रेम कुमार, अमृत भोगता, दिनेश भर, अरबिंद कुमार मो शमीम, दिनेश भुइंया, मनोज कुमार, रामाशीष चौहान, मनोज कुमार (चुरी) संजय प्रसाद, नरेश प्रसाद,भरत गंझू, लुकदेव, रामु, चंदन शर्मा, अशोक राम जितेंद्र सिंह,आनंद कैलाश यादव, कृष्णा शर्मा, रामचंद्र शर्मा, संतोष प्रजापति, भानु प्रताप यादव सहित कई यूनियन के लोग मौके पर उपस्थित रहे।

### एनोस एक्का ने अस्पताल में भर्ती झारखंड पार्टी के कार्यकर्ता को दी आर्थिक मदद



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने गुरुवार को शल्वी डिवाइन सुपर स्पेललिसल्ट्स अस्पताल जाकर झारखंड पार्टी के वरिष्ठ नेता विस्थापन विरोधी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता विजसय गुड़िया का कुशल क्षेम पूछा। ज्ञात हो कि विजय गुड़िया कुछ दिन पहले तोरपा थाना के रायटोली गांव के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका ब्रेन हैमरेज हो गया और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एनोस एक्का ने विजय गुड़िया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके स्वजनों को आर्थिक मदद भी दी।

**प्रेस वार्ता : कुशवाहा समाज की झारखंड में की जा रही है उपेक्षा**

# जनसंख्यात्मक भागीदारी सुनिश्चित करें : राजू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अखिल भारतीया कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने झारखंड की राजनीति एवं अन्य मामलों में कुशवाहा समाज की घोर उपेक्षा की जा रही है। इसका झारखंड प्रदेश कुशवाहा महासभा अपने संगठात्मक स्वरूप को मजबूत कर पंयायत से लेकर संसद तक अपनी जनसंख्यात्मक भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए साकारात्मक प्रयास करेगी। केंद्र एवं राज्य सरकार समेत सभी राजनीतिक दलों से अपील की जाती है कि कुशवाहा समाज के जनसंख्यात्मक भागेदारी सुनिष्चित करें। ताकि कुशवाहा समाज को न्याय मिल सके। प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने राज्य कमिटि की घोषणा की है। इसमें संरक्षक विधायक डॉ शशि भूषण मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व विधायक शिवपुजन मेहता, केंद्रीय सचिव जेएमएम नंद किशोर मेहता, प्रदेष अध्यक्ष बसपा राजन मेहता, संयोजक प्रणव वर्मा, अध्यक्ष राजू महतो, उपाध्यक्ष देवेंद्र मेहता, बासुदेव वर्मा, राज किशोर महतो, त्रिवेणी वर्मा, गोपाल पंजियारा, ओम प्रकाश सिंह, दिनेश महतो, भुवनेश्वर महतो, डॉ आरसी मेहता, डॉ रामनाथ मेहता, प्रधान महासचिव उपेंद्र कुषवाहा, महासचिव संतोष महतो, राजेश महतो, राजीव लोचन महतो, दिनेश दांगी, सुबोध दांगी, संगठन सचिव सुरेंद्र कुशवाहा, सचिव गोपाल महतो, निर्मल कुमार महतो, सुनिल मेहता, नेमधारी महतो, केशव मंडल, ब्रहमदेव वर्मा, विजय महतो, मिडिया प्रभारी सतीश कुमार महतो, प्रवक्ता डॉ विरेंद्र कुमार महतो, सुबोध कुशवाहा, पंकज कुमार, कोषाध्यक्ष सुनिल कुमार, अजय कुशवाहा, सुरजीत कुमार, युवा कुशवाहा महासभा के मुख्य संयोजक रविशंकर मौर्य, संयोजक गौतम कुमार, चंदन कुशवाहा, उमेश दांगी, विजय कुशवाहा, संजय मेहता, राजीव रंजन, कुशवाहा छात्र महासभा सयोजक अमंजित कुशवाहा, रूपेश महतो हिमांशू कुशवाहा, राजप्रतीक, कमलाकांत वर्मा, महिला कुशवाहा महासभा संयोजक मंजू कुमारी, रेणू कुमारी, गीतांजली कुमारी, सुषमा देवी, निशु मेहता बुद्धिजीवी कुशवाहा महासभा सयोजक सीपी दांगी, प्रो हराधन कोयरी, बसंतो, उमेष कुमार सीए, फालकुनी मारिख, लक्ष्मण कुशवाहा, इसके साथ कार्यसमिति में विमल कोयरी, बसंत कांत अकेला, आलोक सिंह कुशवाहा, राजकुमार मेहता, शिवशंकर महतो, मनोहर कुमार सुमन, भूपति महतो, प्रदीप महतो, बिंदेश्वरी प्रसाद, महेश महतो, कार्तिक महतो, प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने बताया कि कुशवाहा जाति को पिछड़ी जाति की अनुसूची-1 में शामिल करने, पिछड़ी जाति को जनसंख्या की अनुपात में आरक्षण देने, विकास के आधार कृषि को बनाने एवं कृषि अधारित विकास की परिकल्पना को साकार करने, कुशवाहा जाति को सरकार में जनसंख्यात्मक भागेदारी देने आदि प्रमुख मामलों को लेकर राजव्यापी एवं आवश्यक्तानुसार राष्ट्रीय स्तर पर भी आंदोलन किये जायेंगे।

# एग्रो फॉरेस्ट्री पूरे देश के किसानों के लिए वरदान की तरहः डॉ एसबी दंडीन

आजाद सिपाही संवाददाता



केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में रेशम क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री कार्यशाला में पत्रकारों को संबोधित संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी।

**पिस्कानगड़ी।** केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में रेशम क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री मॉडल की उपयोगिता पर संस्थान के वैज्ञनिकों के बीच गुरुवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक व मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ एसबी दंडीन आदि ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि एग्रो फॉरेस्ट्री पूरे देश के किसानों के लिये वरदान साबित होगा। इसके तहत किसान जब रेशम किट पालन के लिये जो पौधा लगाता है उसकी दूरी लगभग 8 से 10 फिट की होती है। जिसमें सिर्फ घास पात ही उगते है। इस योजना के तहत किसान दो पौधे के बीच जो जगह बचता है उसमें पारंपरिक फसल को लगाकर दोहरा मुनाफा कमा सकते है और अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर सकता है। वहीं, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ एमएस मल्लिक ने पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न प्रकार के एग्रो फॉरेस्ट्री और तसर रेशम की संभावनाओं पर बिस्तार से बताया। केंद्रीय एग्रो फॉरेस्ट्री संस्थान झांसी के निदेशक डॉ राजेंद्र प्रसाद ने विभिन्न तकनीकियों के उपयोग से मौसम में सही बदलाव को कम करते हुए उत्पादकता बढ़ाने पर बल दिया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते संस्थान के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कहा कि तसर रेशम उद्योग क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री की असीम संभावनाएं है। किसान इस कार्यक्रम के तहत मौसम के अनुकूल फसल लगाकर कुकुन के साथ ही मौसमी फसल उगाकर बेच सकेगा। इससे उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस कार्यक्रम के तहत 300 से अधिक किसानों को संस्थान में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में कई अन्य राज्य के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे है। असम से डॉ केएम विजया कुमारी, तमिलनाडु से डॉ निशिता नायक, वन उत्पादकता संस्थान रांची से डॉ योगेश्वर मिश्रा, डॉ आफताब अहमद शबनम ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ जितेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन डॉ जय प्रकाश पांडेय ने किया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पुस्तक भेंट की




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** युवा संगम के तृतीय वर्ष एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पतरातु में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई। जिन्हें भाजपा सदस्य सह शिक्षाविद रामनारायण भगत ने एक पुस्तक भेंट किया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार सलाहकार समिति राष्ट्रीय पुस्तकालय के सदस्य डॉ राजाराम महतो बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही रांची आइआइआइटी के नोडल आफिसर जयदीप पती भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ शालिनी महतो ने किया। इस कार्यक्रम में ट्रिपल आइटी के अध्यापक और रजिस्ट्रार के साथ हरियाणा की लगभग 50 छात्राएं शामिल हुई।

## जंगल से बरामद युवक की हुई पहचान

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के घघारी जंगल के महुआ गाढ़ा से बुधवार को बरामद शव की पहचान कर ली गई है। मृतक की पहचान महादेव उरांव (25) के रूप में हुई है। वह खूंटी जिले के कर्रा स्थित सहिलोंग बिरदा गांव का रहने वाला था। वह पेशे से वाहन चालक था। एक जनवरी को नव वर्ष के जश्न का पिकनिक मनाने मानपुर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। इस बीत गुरुवार को समाचार पत्रों और मीडिया में प्रकाशित खबर पढ़ने के बाद मृतक के परिजनों ने लापुंग थाना प्रभारी सूर्यकुमार से संपर्क किया। उधर, पुलिस ने मृतक महादेव उरांव के शव को पोस्टमार्टम के लिए इस दिन सुबह 10 बजे रांची के रिम्स अस्पताल भेजा गया था। मृतक के परिजन भी रिम्स अस्पताल पहुंचे और वहीं, शव की पहचान महादेव उरांव के रूप में की।

## लालगंज में अक्षत कलश वितरण का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगामी 22 जनवरी को होने जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। बस्ती संयोजक सह रामभक्त संजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में लालगंज महुआ टोली स्थित शिव मंदिर से हर घर अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसमें हर राम भक्तों को अक्षत का वितरण किया गया। साथ ही संयुक्त रुप से रामभक्तों ने शिव मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। दूसरी तरफ नामकुम बाजार स्थित बरगावां पंचायत में कुल 84 घरों में हर घर अक्षत कलश वितरण किया गया। साथ ही 22 को हर घर हर मंदिर में दिवाली मनाने का आग्रह किया। मौके पर नारायण शर्मा, राणा प्रताप सिंह, अमरजीत सिंह, हरे राम सिंह, हरे राम शाह, निराला, बरगावां पंचायत में भानुमती देवी, मीनू देवी, डॉ बिनोद सिंह आदि शामिल थे।

## बेड़ो में शिक्षाविदों ने दिया पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत को श्रद्धांजलि



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमचंद भगत महाविद्यालय के संस्थापक सह पूर्व शिक्षामंत्री स्व करमचंद भगत के जन्मतिथि पर प्राचार्य डॉ विन्ध्याचल राम ने कॉलेज परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर गुरुवार को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके द्वारा झारखंड क्षेत्र में शैक्षणिक व सामाजिक क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं योगदानों को याद किया। शिक्षाविदों ने कहा कि स्व करमचंद भगत ने मंत्री रहते सैकड़ों हाई स्कूल, तीन महाविद्यालयों क्रमशः बेड़ो केसीबी कॉलेज, सिसई वैद्यनाथ जालान कॉलेज व बुंडू पंचपरगना कॉलेज की स्थापना में सराहनीय योगदान दिया था। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान महाविद्यालय के कई शिक्षक, शिक्षिका, कर्मचारी व एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री स्व करमचंद भगत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने काम रोका

## सड़क निर्माण की जांच कर फिर से बनाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** झारखण्ड सरकार की ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से लापुंग प्रखंड के कारो नदी से ककरिया दोलैचा होते हुए डिंबा तक लगभग नौ करोड़ रुपए की लागत से 14 किलोमीटर लंबी सड़क की बनाई जा रही थी। जो बनने के साथ ही ही दर्जनों जगह से उखड़ने लगे है। अभी महज ढाई किलोमीटर कालीकरण का पहला लेयर बन रहा है और जहां-तहां से उखड़ने लगी है। इसे लेकर गुरुवार को जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो, पूर्व जिप सदस्य बांदे हेरेंज, ककरिया पंचायत की मुखिया बिरसमनी देवी, समाजसेवी शिवकुमार सिंह और अनिल साहू के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य स्थल पहुंच कर आक्रोश जताया। साथ ही साइट इंचार्ज व ठेकेदार को बुलाकर आगे का काम रोकने को कहा। साथ ही ढाई किलोमीटर बनी सड़क को फिर से बनाने को कहा। आरोप लगाया की निर्माण कार्य में संवेदक की ओर से अलकतरा व लिक्विड की सही मात्रा नहीं देने से ग्रामीण नाराज हैं। बिना पदाधिकारियों और इंजीनियर की उपस्थिति में ही साइट इंचार्ज द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर विभाग द्वारा अविलंब एक सप्ताह के अंदर जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो उक्त सड़क निर्माण कार्य को आगे फिर से बंद करा दिया जाएगा। वहीं, संवेदक ने ग्रामीणों को फिर से ऐसा नहीं होने की बात कहीं। मौके पर उपस्थित ग्रामीण गोवर्धन साहू, कृष्ण कुमार, लक्ष्मन बड़ाईक, रोहित कुमार आदि ने संवेदक व विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया सड़क का निर्माण कराने का आरोप लगाया है।

# नामकुम बीडीओ ने लिया बूथों का जायजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र पंचायत लाली के विभिन्न बूथों का जायजा लिया। जिसमें राजकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसलाटोली, जीइएल प्राथमिक विद्यालय लाली, राजकृत प्राथमिक विद्यालय कुदागढ़ा, राजकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसो आदि शामिल हैं। इनका निरीक्षण कर बूथो में बुनियादी सुविधा जैसे बिजली, पानी, शौचालय, दिव्यांग मतदाता के लिये रैंप, फर्नीचर आदि सुविधा की जानकारी ली और सुधार के लिए पंचायत सचिव को आवश्यक निर्देश दिया। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से मृत मतदाता का नाम हटाने, नए मतदाता का नाम जोड़ने, स्थानांतरित और दोबारा एंट्री किये गये मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने और नाम सुधारने के कार्य का निरीक्षण किया। विशेष रूप से मृत मतदाताओं का सत्यापन उनके घर जाकर किया। आगामी 22 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित है। जिसमें पहली बार बने 18 से 19 वर्ष के नये मतदाताओं को उत्साह पूर्ण वातावरण में बदलने के लिये सोशल मीडिया में आई एम रेडी टू अभियान चलाने के लिए युवा मतदाताओं के बीच इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, बढ़ते ठंड को देखते हुए बुजुर्ग व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनिय अभियंता ज्योतिष कुमार, पंचायत सचिव रॉबिन कच्छप, विद्यालय के शिक्षक, बीएलओ आदि उपस्थित थे।

# आजादी के सात दशक बाद भी बदहाल है मुक्तिधाम

**प्रखंड मुख्यालय सहित 84 गांव के ग्रामीण अव्यवस्थाओं के बीच करते है पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार, जिम्मेदार उदासीन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** सोलह संस्कारों में व्यक्ति का पंचतत्व में विलीन होना आखिरी यानी अंतिम संस्कार है। मृत्यु के बाद सम्मान जनक तरीके से विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार एक परंपरा है, लेकिन बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के मुक्ति धामों की बदहाल स्थिति के कारण अंतिम पड़ाव पर भी यह सम्मान नहीं मिल पाता है। विकास की अंधी दौड़ में जिम्मेदारों की घोर लापरवाही का नतीजा है कि अंतिम संस्कार के लिए चयनित स्थल (मुक्तिधाम) न तो अंतिम संस्कार करने के योग्य शेष बचे हैं और ना ही यहां मूलभूत सुविधाएं हैं। इन मुक्तिधामों में किसी न किसी व्यक्ति के शरीर को अंतिम संस्कार की क्रिया से गुजरना पड़ता है। लेकिन घाटों पर मूलभूत अव्यवस्थाओं का ऐसा अंबार लगा है कि लोग यहां जाने से भी कतराते नजर आते हैं।

### हर मौसम में बदहाल व्यवस्थाएं रहती हैं हावी

हर मौसम में अव्यवस्थाएं हावी होती हैं। यहां न तो बैठने का समुचित स्थान हैं ना ही साफ-सफाई दुरुस्त है। इतना ही नहीं किसी भी शमशान घाट पर जाने के लिए सड़क, टीन शेड, बिजली व पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। जिस कारण लोगों को भारी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। वहीं राजनीतिक हित के लिए छोटे-छोटे मुद्दों को तुल देने वाले जिम्मेदार मौन धारण किए हुए हैं।

उधर, प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तो है, लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं हैं। मुक्तिधाम में आजादी के सात दशक व पंचायती राज के एक दशक बाद भी दाह संस्कार के लिए टीन शेड नहीं बना है। जिस कारण बदहाल मुक्तिधाम में लोगों को खुले में ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। यदि वर्षा हो जाए तो लोगों को भीगते हुए ही अंतिम संस्कार करना पड़ता है। मुक्तिधाम तक पहुंचने के रास्ते भी बदहाल है। वर्षा के दिनों में खेती, जलजमाव कीचड़ के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार सांसद, विधायक, ग्राम पंचायत व स्थानीय प्रशासन से मुक्तिधाम जीर्णोद्धार की मांग कर चुके हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा जीर्णोद्धार नहीं कराया गया है। प्रखंड मुख्यालय सहित 17 पंचायत के 84 गांव के मुक्तिधाम बदहाली का शिकार है।

# बरतुआ जेएसएफ को हरा ओरमांझी फुटबॉल क्लब बना चैंपियन



विजेता कप के साथ ओरमांझी फुटबॉल क्लब के सदस्य व गणमान्य लोग।

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से गणेशपुर बरतुआ जेएसएफ क्लब की ओर से पांच दिवसिय जय सरना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बरतुआ खेल मैदान में हुआ। जिसका फाइनल मुकाबला गुरुवार को ओरमांझी नायक ब्रांड जंगल एफसी बनाम बरतुआ जेएसएफ क्लब के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। इसके बाद ट्राइब्रेकर में ओरमांझी ने बरतुआ को 3-2 से पराजित कर खिताब हासिल किया। सेमीफाइनल मैच ओरमांझी बनाम केदल के बीच के बीच खेला गया। जिसमें ओरमांझी ने केदल को 1-0 से पराजित किया। दूसरा सेमी फाइनल मैच बरतुआ बनाम नायक ब्रदर्स गेतलसूद के बिच खेला गया। जिसमें बरतुआ ने गेतलसूद को 2-0 से पराजित कर फाइनल में पहुंचा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव शिष्य परीवार के आर्चित आनंद व विशिष्ट अतिथि बरखा सिंह ने विजेता को 35 हजार नगद एवं बडा शिल्ड, उपविजेता टीम बरतुआ को 25 हजार रुपये नगद एवं छोटा शिल्ड देकर सम्मानित किया। वहीं ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी व जिला परिषद सदस्य ओरमांझी पूर्वी सरीता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया था। अतिथि के रूप में रिपब्लिकन पार्टी के प्रदेश महा सचिव प्रीतम साड लोहरा मैच तीसरे एवं चौथे स्थान पर रहे टीमें गेतलसूद और केदल को 5100-5100 रुपये नगद एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया। वहीं, टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति अध्यक्ष प्रवेश भोगता, सचिव विनोद बेदिया, संरक्षक चंद्रशेखर चौधरी, शंकर करमाली ग्राम प्रधान बरतुआ, उपाध्यक्ष मोहित करमाली, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मीडिया प्रभारी संतोष गुप्ता, परमेश्वर गंझू, बालकिशोर मुंडा, अमरनाथ भोगता, विपत करमाली, शिवनारायण महतो, कामेश्वर बेदिया, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष दीपक बडाईक, ओरमांझी के उपमुखिया संतोष गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुण्डा,पन्स्स ललिता देवी,प्रो राम कुमार महतो और भीम मुंडा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

**उषा मार्टिन ने 20 युवतियों को दिलाया ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण**

# हुनर से ही खुलता है स्वरोजगार का रास्ता : रामजी यादव

आजाद सिपाही संवाददाता




प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्या लोग और प्रशिक्षु।

**अनगड़ा।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन रामजी यादव ने कहा कि हुनर से युवा आत्मनिर्भर बनते हैं और इससे स्वरोजगार का रास्ता खुलता है। ग्रामीण युवकों में भरपूर कौशल और काबिलियत है। यदि इन्हें चिन्हित कर सही तरीके से प्रशिक्षण दिया जाए तो ये युवा पूंजी बन जायेंगे। वे गुरुवार को उषा मार्टिन एवं मिनी टूल रूम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ब्यूटीशियन कोर्स के प्रशिक्षित युवतियों के बीच सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ज्ञान के साथ कौशल विकास जरूरी है। इसे तेजी से प्रयोग में लाकर ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांव के युवक और युवतियों को कौशल विकास सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सशक्त गांव बनाने की दिशा में यह अच्छी पहली है, जिसमें वाईबीएन संस्थान की ओर से भी सहयोग किया जायेगा। कंपनी के पर्यावरण प्रमुख अरुप दता ने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ही रोजगार कर राह आसान होगा। ऐसे में युवाओं का लक्ष्य बेहतर तरीकें से स्वरोजगार के प्रशिक्षण को प्राप्त करना साथ-साथ अपने परिवेश एवं कामों में पर्यावरण के संरक्षण का भी खास ध्यान रखा जाना चाहिए। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि समग्र विकास की अवधारणा को विभिन्न आयामों के माध्यम से गांवों में धरातल पर उतारा जा रहा है। अभी तक 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका है। अभी कंपनी के माध्यम से ब्यूटिशियन का कोर्स चलाया जा रहा है। वहीं, प्राचार्य एमके गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के सौजन्य से इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए गांवों के युवाओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। इस कोर्स को करने के बाद न केवल युवा हुनरमंद बनेंगे, बल्कि आय संवर्द्धन कर आत्मनिर्भर भी होंगे। संचालन मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मिश्रा ने किया। मौके पर देवाशीष घोष, वरुण कुमार, राहुल उरांव, रौशन लिंडा आदि उपस्थित थे।

## परिजनों की मौजूदगी में विवाह के बंधन में बंधे प्रेमी युगल



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना के समीप शिव मंदिर में गुरुवार को वर और वधू पक्षों की रजामंदी से आखिरकार एक प्रेमी जोड़े ने शादी रचा ली। इस शादी के साक्षी के तौर पर वर व वधू पक्ष के माता-पिता भाई व परिजन उपस्थित थे। गौरतलब हो कि खड़गपुर गांव निवासी गुड्डन कुमारी का प्रेम प्रसंग बिहार के औरंगाबाद जिले के पंचायत बरंडा के वरना गांव निवासी गनौरी भुइंया के पुत्र सुपेंद्र कुमार के साथ पिछले एक साल से चल रहा था। समाजसेवियों की पहल पर दोनों की बरामदगी के साथ ही उनकी शादी कराई गई। इस मौके पर विकास पासवान, राजू सिंह, सनम कुमार, सुमंती देवी के साथ कई अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### आयुक्त ने छतरपुर एवं हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# इमानदारी व सक्रियता से काम करें पदाधिकारी-कर्मचारी: दशरथ दास

### कहा - अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से बेहतर होगा पलामू

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय के साथ ही प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को इमानदारी और सक्रियता के साथ कार्य करने का निदेश दिया। कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी सहयोगात्मक भावना से कार्य करें। योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाए। जरूरतमंद व्यक्ति को जिला एवं प्रमंडल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े, इसका पूरा ध्यान रखें। प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्याएं दूर करने से आमजनों को आर्थिक और समय दोनों की बचत होगी। आयुक्त ने छतरपुर अनुमंडल कार्यालय, हरिहरगंज प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य आवंटन एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। साथ ही कार्यों में गति लाकर समाज के अंतिम एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया। अनुमंडल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने छतरपुर अनुमंडल कार्यालय भवन के रंगरोगन एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने को लेकर भवन निर्माण विभाग को पत्र भेजने का निर्देश दिया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग को अनुमंडल भवन का रंगरोगन एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त करने संबंधी पत्र भेजा गया है। आयुक्त ने छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं छतरपुर थाना प्रभारी व हरिहरगंज थाना प्रभारी से विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली। साथ क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आयुक्त के निरीक्षण के दौरान छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, छतरपुर विजय केरकेट्टा, थाना प्रभारी शेखर कुमार, हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास आदि थे।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को खत्म करने को लेकर एमओ ने की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक जनवरी से पीडीएस डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। इससे गरीब परिवार राशन से वंचित हो रहे है। हड़ताल खत्म कराने को लेकर हुसैनाबाद प्रखंड परिसर सभागार में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। जिसमें आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस दुकानदारों से जनहित को ध्यान में रखते हुए हड़ताल समाप्त करने की अपील की। इस पर डीलर संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी हड़ताल देशव्यापी है। जब तक मांग पर केंद्र सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करती है तब तक हड़ताल जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के केंद्रीय व राज्य नेतृत्व से जबतक कोई निर्देश नहीं मिल जाता तब तक हड़ताल समाप्त नहीं होगा। मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, सचिव उदय यादव, बिमलेश कश्यप, उमेश पासी, सूर्यनाथ पासवान, प्रवीण चौधरी, अरविंद सिंह, अरुण सिंह, रजनीश सिंह, रविंद्र सिंह, अजित कुमार और संजय सिंह आदि मौजूद थे।

## विकसित भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही पूरा हो सकेगा: बच्चन



**पांकी/पलामू।** पांकी के तेतराईं में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर तेतराई बाजार परिसर में सभा आयोजित की गई। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प हर देशवासियों का है। विकसित भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही पूरा हो सकेगा। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आज हर व्यक्ति लाभावित हो रहा है। देश और तरक्की करे इसके लिए हर भारतीय को विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं, पांकी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज ने कहा कि देश निरंतर प्रगति के पथ पर गतिशील है। देश हर दिन नई ऊंचाईयों को हासिल कर रहा है। मुखिया राजेंद्र पांडेय ने कहा कि विकसित भारत का सपना हर किसी का है। इसलिए हमें विकसित भारत के संकल्पित होने की जरूरत है। प्रियांशु इंडेन गैस की ओर से सात लाभुक को उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी शबनम आर ने आयुष्मान कार्ड के बारे जानकारी दी। मौके पर अमित तिवारी, रंजय ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश पाण्डेय, जयकिशोर, साधु मांझी, ललित मेहता, शत्रुधन सिंह, श्यामनंदन ओझा, धनुशदेव सिंह, भाजपा नेता विजय ठाकुर, एकबाल अहमद सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी और जेएसएलपीसी के सखी मंडल की सदस्य उपस्थित थे।

## सीओ यामुन रविदास ने ग्रहण किया कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी के निर्देश पर अंचल अधिकारी यामुन रविदास ने गुरुवार को आइएएस प्रशिक्षु रवि कुमार से हरिहरगंज नगर कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार ले लिया है। प्रभार संभालने के तुरंत बाद कार्यपालक पदाधिकारी ने शहर के चौक-चौराहों पर अलाव जलाने और कंबल वितरण करने को पहली प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि सीओ के नाते नगर पंचायत सहित पूरे अंचल क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर सीटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, अजमल हुसैन, एलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कुमार सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## खेल से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : ज्योति पांडे

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्लस टू हाई स्कूल के स्टेडियम में गुरुवार को सतबरवा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में कॉस्को नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रो जगन्नाथ प्रसाद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी व युवा समाज सेवी अतुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्योति पांडे ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। वहीं समाज सेवी अतुल कुमार ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में भी एक अच्छा करियर है। मैं चाहता हूं कि सतबरवा का भी नाम देश और दुनिया में फैले। इधर, क्लब के अध्यक्ष टिंकू विश्वकर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है। विजेता टीम को 20 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 10 हजार रुपये नगद और ट्रॉफी दी जाएगी। वहीं, गुरुवार को रांकी पिपरा और खामडीह के बीच मैच खेला गया। मौके पर अशोक यादव, अजय उरांव, उदय कुमार, शंकर पासवान, सूरज कुमार, प्रिंस कुमार, छोटू कुमार, मंटू कुमार आदि उपस्थित थे।

## ग्रामसभा आयोजन कर प्रसारित की गयी अबुआ आवास की सूची



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सिमरबार पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया जितेंद्र पासवान की अध्यक्षता में ग्रामसभा आयोजित हुई। जिसमें सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास के लिए पंजीयन कराई गई सूची को सभी लाभुकों को मुखिया ने पढ़ कर सुनाया। मुखिया ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान उनके पंचायत से अबुआ आवास के लिए करीब 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से योग्य लाभुकों का चयन कर आवास दिया जाएगा। इस मौके पर जेइ विद्यासागर कुमार, रोजगार सेवक विजय चौधरी, वार्ड सदस्य अजय मेहता, अखिलेश पासवान, प्रदीप राम, मिथिलेश पासवान, ललन पासवान व ग्रामीण में मोहन यादव, परशुराम मेहता, गणेश यादव, वीरेंद्र मेहता, रामबचन गुप्ता, प्रमोद पासवान, रंजीत कुमार, मुन्नी मोना देवी, संगीता देवी, लालो देवी, प्रतिमा देवी, नीलम देवी आदि मौजूद थे।

## जन समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निष्पादन करना सुनिश्चित करें : उपायुक्त

### प्रत्येक बुधवार को प्रखंड स्तर पर जनता दरबार लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने पलामू के सभी बीडीओ व सीओ को सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को, जबकि अवकाश की स्थिति में गुरुवार को संयुक्त रूप से स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन करने का आदेश दिया है। सभी बीडीओ-सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न अंचलों से आये आमजन अपनी विभिन्न मांगों, समस्याओं और कल्याणकारी कार्यों योजनाओं के लिए सीधे जिला मुख्यालय में उपस्थित होते हैं जिससे प्रतीत होता है कि विभिन्न प्रखंडों/अंचलों में आमजनों की समस्याओं की सुनवायी व नियमानुकुल निष्पादन की कार्रवाई अपेक्षा के अनुरूप नहीं होती है। ऐसे में स्थानीय प्रखंड/अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन नितांत आवश्यक है। जिसमें विकास-राजस्व संबंधी कार्यों के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण मांग/कार्यों पर त्वरित निष्पादन किया जायेगा।

उन्होंने बुधवार को जन समाधान दिवस के रूप में मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बुधवार का दिन जनमानस के कार्यों का निपटारा का दिन हो, यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस दिन जब फरियादी किसी भी समस्या को लेकर आए तो उसे उच्च प्राथमिकता देते हुए समय पर निष्पादित करें। उन्होंने जनता दरबार में प्राप्त आवेदन पत्र एवं उनके निराकरण से संबंधित प्रतिवेदन पलामू डीसी को समर्पित करने का भी निर्देश दिया।

## पदाधिकारियों को दिया गया इवीएम-विविपैट का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय भवन के ब्लॉक सी एवं डीआरडीए के पुराने भवन में इवीएम एवं विविपेट जागरूकता टीम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त विभाग स्तर से प्राप्त प्रारूप के अनुसार जिला और विधानसभा स्तर पर इवीएम-विविपैट जागरूकता टीम के लिए निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, पलामू जिले के सभी बीडीओ एवं गढ़वा जिले के बीडीओ कांडी, बीडीओ बरडीहा, बीडीओ बड़गड, बीडीओ भंडरिया, बीडीओ मझिआंव एवं संबंधित प्रखंड के प्रभारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं प्रत्येक प्रखंड से एक जनसेवक एवं कर्मियों ने भाग लिया।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 जनवरी को

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि संशोधित की गई है। इसके तहत दावा आपत्ति संबंधी प्रपत्रों की निष्पादन की अंतिम तिथि 12 जनवरी एवं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी को निर्धारित की गई है। जिले के वैसे पात्र मतदाता जिनका पंजीकरण अभी तक नहीं हो पाया है अब वे बढ़ी हुई तिथि तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# स्पोर्ट्स



भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में गुरुवार को सात विकेट से जीत दर्ज की। मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया को 79 रन का लक्ष्य मिले, जिसे तीन विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर लिया। साथ ही सीरीज 1-1 से बरामद हो गई।

### रिकॉर्ड : 147 साल में 25वीं बार मैच 2 दिन में खत्म, भारत का तीसरा ऐसा मैच, तीनों ही जीते

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका से जीता दूसरा टेस्ट, सीरीज 1-1 से बराबर

### केपटाउन में पहली बार टेस्ट मैच जीती टीम इंडिया, रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका में की धोनी की बराबरी

एजेंसी

**केप टाउन।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में गुरुवार को सात विकेट से जीत हासिल की। मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 79 रन के लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर जीत हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया। उसने पहली बार केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर टेस्ट मैच में जीत हासिल की है। 31 साल तक भारत को इस जीत के लिए इंतजार करना पड़ा। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को पहले मैच में पारी और 32 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। केपटाउन में भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उनके सामने मेजबान टीम पस्त हो गई। रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में वह कर दिखाया जो मोहम्मद अजहरुद्दीन, राहुल द्रविड़, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे कप्तान नहीं कर पाए। इनमें से किसी को भी बतौर कप्तान यहां जीत नहीं मिली। इसी के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई। इससे पहले बुधवार को न्यूलैंड्स मैदान पर दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 55 पर ऑलआउट हो गई, जबकि भारत भी अपनी पहली पारी में 153 रन ही बना सका। टीम इंडिया को पहली पारी में 98 रन की बढ़त मिली थी। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 176 रन बनाए। टीम आखिरी पारी में 78 रन से आगे रही, इसलिए भारत को 79 रन का टारगेट मिला था। भारत ने इसे 12वें ओवर में हासिल कर लिया।

#### केपटाउन में 31 वर्षों का इंतजार खत्म


जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

| साल | जीत का अंतर |
|---|---|
| 1993 | ड्रॉ |
| 1997 | द. अफ्रीका 282 रन से जीता |
| 2007 | द. अफ्रीका 5 विकेट से जीता |
| 2011 | ड्रॉ |
| 2018 | द. अफ्रीका 72 रन से जीता |
| 2022 | द. अफ्रीका 7 विकेट से जीता |
| 2023 | भारत सात विकेट से जीता |

### 7 विकेट से हराया

टेस्ट क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में ऐसा सिर्फ 25वीं बार हुआ है। भारत के लिए यह सिर्फ तीसरा मौका है जब उसकी भागीदारी वाले मैच का नतीजा दो दिन में आ गया। भारत ने ऐसे तीनों टेस्ट में जीत हासिल की है।

#### भारत का सक्सेस रेट 100 फीसदी

**दो दिन में खत्म होने वाले टेस्ट मैचों में भारतीय टीम का सक्सेस रेट 100 फीसदी रहा है। जून 2018 में भारत और अफगानिस्तान के बीच बेंगलुरु में खेला गया टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म हुआ था। यह अफगानिस्तान के क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट था। वहीं, यह भारत के क्रिकेट इतिहास का पहला ऐसा टेस्ट था जो दो दिन में खत्म हुआ। इसके बाद फरवरी 2021 में भारत और इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद में खेला गया डे-नाइट टेस्ट मैच 2 दिन में समाप्त हुआ था। यह सिर्फ दो दिन में नतीजा देने वाला भारत का दूसरा टेस्ट था। इसमें भी टीम इंडिया ने जीत हासिल की थी। अब भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 2 दिन में हराया है।**

### एक फीसदी से भी कम टेस्ट 2 दिन में खत्म हुए

टेस्ट क्रिकेट की शुरूआत 1877 में हुई थी। तब से अब तक 2522 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से सिर्फ 25 टेस्ट मैच ऐसे हुए, जिनका नतीजा दो दिन के अंदर आ गया। यानी 0.99 फीसदी टेस्ट ही इतनी जल्दी खत्म हुए हैं। इंग्लैंड इनमें से 12 टेस्ट मैचों का हिस्सा रहा है। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम के 12 टेस्ट मैच दो दिन में खत्म हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका 10 मैचों का हिस्सा रहा। जिम्बाब्वे 4, वेस्टइंडीज 2 और पाकिस्तान 1 मैच का हिस्सा रहा है। सबसे ज्यादा छह ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म हुए हैं। चार दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड टेस्ट भी दो दिन में खत्म हुए। इनमें से सबसे ज्यादा टेस्ट इंग्लैंड के मैदान पर दो दिन में खत्म हुए। इनमें से चार टेस्ट ऐसे थे जो लंदन के द ओवल मैदान पर हुए। गौरतलब हो कि 1882 में पहली बार कोई टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म हुआ। यह मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 1882 में ओवल (लंदन) में खेला गया था। नौ टेस्ट मैच 19वीं सदी (1801-1900) में 2 दिन में खत्म हुए थे। 8 टेस्ट 20वीं सदी (1901-2000) और 8 टेस्ट 21वीं सदी (2001 से अब तक) खत्म हुए हैं। एक ओर जहां पिछले 3 साल में 4 टेस्ट ऐसे हो गए जिनका नतीजा 2 दिन में आ गया, वहीं दूसरी ओर मार्च 1946 से लेकर अगस्त 2000 तक के बीच 54 साल ऐसे भी बीते जब एक भी टेस्ट मैच 2 दिन में खत्म नहीं हुआ।

## खेल से आपसी समन्वय व टीम भावना का होता है विकास : संजय सिंह यादव



### खेल से युवाओं का होता है शारीरिक और मानसिक विकाश : प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत अंतर्गत शिवपुर खेल मैदान में भाईचारा एकता कमेटी के तत्वाधान में फुटबाल टूर्नामेंट का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन राजद के प्रदेश के सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी, राजद प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली आदि ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन मैच अमहि बनाम बैरिया के बीच खेला गया। जिसमें अमहि ने बैरिया को एक गोल से हरा दिया। कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया नरेश पासवान ने टूर्नामेंच के आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, संजय सिंह यादव ने कहा कि कमेटी द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट सराहनीय कदम है। खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। यह खेल आपसी समन्वय व टीम भावना को विकसित करता है। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि खेल से युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकाश होता है। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में खेल का क्षेत्र भी युवा खिलाड़ियों के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध कराता है। मौके पर कमेटी के सचिव अशलम अंसारी, कृष्णा सिंह, पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम, राहुल कुमार, आणि शेख, अखलेश चौधरी आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 05 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in
11

## कार्रवाई : धनबाद पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है आशीष रंजन

# आशीष के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, कुर्की जब्ती की चेतावनी

## नीरज तिवारी हत्याकांड में 2021 से चल रहा है फरार, हाजिर होने का आदेश

**तीन दिसंबर 2023 को जेल में अमन सिंह की हुई हत्या की ली थी जिम्मेदारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कतरास पुलिस ने चर्चित नीरज तिवारी हत्यकांड में फरार चल रहे हीरापुरा के जेसी मल्लिक रोड निवासी आशीष रंजन उर्फ छोटू के घर गुरुवार को इश्तेहार चिपका कर जल्द हाजिर होने का आदेश दिया है। अनुमान है कि इसके बाद भी आशीष ने पुलिस या अदालत में आत्मसमर्पण नहीं किया तो आगे उसके खिलाफ अदालत से आदेश लेकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बताया जा रहा कि साल 2021 में कतरास थाना क्षेत्र में नीरज तिवारी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें आशीष रंजन उर्फ छोटू का नाम सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कांड संख्या 298/21 दर्ज किया था जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा है। इस बाबत कतरास थाना के सब इंस्पेक्टर मुकेश तिवारी ने बताया की कांड संख्या 298/21 में फरार चल रहे आशीष के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। गौरतलब हो कि बीते कुछ वर्षों में आशीष रंजन उर्फ छोटू पर कई जिले के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। इसमें हत्या से लेकर रंगदारी तक के गंभीर आरोप हैं। बताया जा रहा कि किसी मामले में आशीष धनबाद जेल गया था जहां उसकी मुलाकात पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोप में पहले से बंद उत्तर प्रदेश के कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह से हुई थी। इस दौरान अमन ने आशीष की मदद से धनबाद में अपने रंगदारी के कारोबार को खड़ा करने में सफलता हासिल की। देखते ही देखते आशीष अमन का खासमखास हो गया था। इसी बीच कुछ दिन पहले दोनों में विवाद हो गया और साल 2023 के तीन दिसंबर को अमन की धनबाद जेल में ही हत्या कर दी गयी। इसके बाद आशीष रंजन उर्फ छोटू ने ऑडियो वायरल कर इस हत्या की जिम्मेवारी ली थी।



फरार आशीष रंजन उर्फ छोटू के घर पर इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**कतरास रेलवे स्टेशन में आंतरिक सुरक्षा की जांच करने पहुंचे सीनियर डीआरएम कार्यालय के अधिकारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन में कर्मचारियों के इंटरनल सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने सीनियर डीआरएम कार्यालय के असिस्टेंट ऑपरेटिंग मैनेजर अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी गुरुवार को कतरास स्टेशन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन से लेकर यार्ड और सिग्नल्स तक जांच की।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बीएसएल कर्मचारियों के लिए हुआ वेब आधारित शिकायत पोर्टल का शुभारंभ



बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के कर्मियों के लिए वेब आधारित शिकायत पोर्टल का शुभारंभ गुरुवार को अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) के कार्यालय में किया गया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) सुजय कुमार, मुख्य महा प्रबंधक (कार्मिक) हरिमोहन झा, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आई टी) ए बंकिरा, महा प्रबंधक (सी एंड आई टी) शरद कुमार सिंह, महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) विनोद कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक) सोनी सिंह, सहायक महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) वीरेंद्र कुमार, वरीय प्रबंधक (सी एंड आई टी) रंजीत कुमार, वरीय प्रबंधक (कार्मिक) अंकिता देव के अलावा वरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। बीएसएल कर्मियों के लिए शुरू किया गया वेब आधारित शिकायत पोर्टल उनकी सेवाओं के लिए एक नई पहल है। यह एक वेब आधारित पोर्टल है जिसे कर्मियों की नगर प्रशासन विभाग की शिकायतों को छोड़कर बाकी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए विकसित किया गया है। यह पोर्टल सभी कर्मियों के लिए इंट्रानेट के ई-डेस्क पर उपलब्ध होगा। कर्मियों के मुद्दों को समयबद्ध और संरचित तरीके से संबोधित करने और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए इस पोर्टल को लॉच किया गया है। कर्मियों को अपनी शिकायत के समाधान के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। उपरोक्त वेब आधारित शिकायत पोर्टल के शुरू होने से शिकायत संग्रहण और डेटा विश्लेषण में पारदर्शिता आएगी। साथ ही उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी संभव हो पायेगा।

## संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में सफल होकर राहुल कुमार ने बढ़ाया लोयाबाद का मान



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी निवासी जय प्रकाश पासवान के पुत्र राहुल कुमार ने बीएसएससी तृतीय स्नातक स्तर संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में सफलता होकर लोयाबाद क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राहुल को अंकेक्षण निदेशालय में अंकेक्षक के पद पर प्रतिनियुक्त मिली है। उसकी इस सफलता पर माता पिता और क्षेत्र के लोग गौरवावित महसूस कर रहे है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया है।

## भाजपा नेत्री रागिनी ने रेल मंत्री को लिखा पत्र, सुविधाओं को बहाल करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने गुरुवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर धनबाद रेलवे स्टेशन से पुनः भुवनेश्वर गरीब रथ शुरू करने और धनबाद रेल मंडल से आपातकालीन कोटा घटाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। पत्र के माध्यम से रागिनी सिंह ने कहा कि धनबाद जिले से चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस कोरोना काल से बंद कर दिया गया है। जिससे धनबाद के रहने वाले आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गरीब रथ में हर वर्ग के लोगों को सुविधा मिलती थी। धनबाद रेल मंडल राजस्व देने में प्रथम श्रेणी में आता है। बावजूद इसके यहां के आमजनों के साथ पिछले कुछ महीनों से सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यहां की सुविधाओं को लगातार घटाया जा रहा है जिस कारण धनबादवासी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसलिए निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर धनबाद की सुविधाओं सहित विभिन्न ट्रेनों में धनबाद का कोटा बढ़ाया जाए। साथ ही गरीब रथ को पुनः बहाल करने की दिशा में सार्थक पहल किया जाए।

## साड़म में अबुआ आवास के सत्यापन को लेकर ग्रामसभा का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास को लेकर गुरुवार को गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत सचिवालय भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया शोभा देवी ने की। मुखिया ने कहा कि ग्राम सभा के बाद भौतिक सत्यापन कर अबुआ आवास के लिए योग्य लाभुकों का चयन होना है, ताकि उन्हें आवास मिल सके। बताया कि बीते दिन आयोजित सरकार आपके द्वार शिविर में ग्रामीणों द्वारा अबुआ आवास के लिए जमा किए गए आवेदन को सत्यापन दल की ओर से घर-घर जाकर निरीक्षण किया गया था। उसके बाद बनाए गए लाभुकों की सूची को ग्राम सभा में ग्रामीणों के बीच रखा गया। मुखिया ने कहा कि अगर किन्ही के नाम को लेकर किसी को आपत्ति हो तो वे आगामी आठ जनवरी तक लिखित आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। वहीं कुछ ग्रामीणों ने कहा कि अबूआ आवास के लिए योग्य लाभुकों का नाम सूची से दर्ज नही है। मौके पर पंचायत सचिव धनपत महतो, पंसस चांदनी देवी, विष्णुलाल सिंह, उपमुखिया पंकज जैन, पूर्व उपमुखिया विकास जैन, सोनी देवी, पंकज कुमार, मैमून खातून, अंजली देवी, रीता देवी, शीला देवी, निर्मला देवी, कंचन देवी,बेबी देवी, जितवा देवी, सजल डे, नवीन जैन,मुरारी प्रसाद,सुबोध उपाध्याय आदि उपस्थित थे। इधर, साडम पश्चिमी पंचायत के कई लोग उप मुखिया पंकज जैन, पंसस चांदनी देवी एवं पंसस विष्णु लाल सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो से प्रखंड कार्यालय में मिल। बताया कि क्षेत्र के कई जरूरतमंद लोगों का नाम अबुआ आवास की सूची में नहीं है। उन्हें इसका लाभ मिलना चाहिए।

## बोकारो एयरपोर्ट और इंजीनियरिंग कॉलेज सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

# होमगार्ड बहाली में हुई धांधली की जांच कराये जिला प्रशासन : कुमार अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने गुरुवार को बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी से मिल कर विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कुमार अमित ने बोकारो डीसी से होमगार्ड बहाली में धांधली का आरोप लगाते हुए इसे रद्द कर पुनः बहाली करने, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लिए लेन देने में रूची नहीं लेने वाले बैंकों पर कार्रवाई करने, पांच वर्षों से निमार्णाधीन बोकारो एयरपोर्ट को प्रारंभ करने में आ रही बाधाओं को दूर करने, शहर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज, सरकारी महिला कॉलेज, डिपीएड, बीपीएड सहित अन्य शिक्षण संस्थानों की स्थापना करने, चास प्रखण्ड को छोटा कर पिण्ड्राजोरा और बोकारो नगर के नाम से नए प्रखण्ड बनाने, उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के गांवों को पंचायत में शामिल करने, निजी स्कूल में पढ़ रहे प्राइमरी क्लास के बच्चों को उनके स्कूल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल करने का निर्देश देने, सिटी सेंटर, सेक्टर छह मार्केट, बड़ा खटाल, सेक्टर 9 कुम्हार चौक नेपाली पाड़ा और इस्पात नगर स्टेशन आदि स्थानों पर सामुदायिक शौचालय बनवाने, दुन्दीबाग, पचौरा, केन्दुआडीह, रांगाडीह, घटीयाली आदि गाँव में चापाकल और जलमिनार लगाकर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने और सभी पंचायत और चास नगर निगम के सभी वार्डों, पटेल चौक सेक्टर 9 में ओपेन जीम लगाने और शहर में खराब पड़े ओपेन जीमों की मरम्मती करने की मांग शामिल है। कुमार अमित ने डीसी से जांचोपरांत होमगार्ड बहाली में धांधली की बात सही पाए जाने पर इस बहाली को रद्द कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और बहाली को नए सीरे से कराने की भी मांग की हैं। इन सभी विषयों पर डीसी से कुमार अमित ने विस्तार से चर्चा भी की। वहीं, डीसी कुलदीप चौधरी ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन भी दिया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त किर्तीश्री के अलावे कुमार अमित के साथ सूर्यकांत मिश्रा, लालबाबू, विक्रम यादव एवं चंद्रप्रकाश भी उपस्थित थे।



बोकारो डीसी को ज्ञापन सौंपते भाजपा के कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग
### जिला नियोजनालय, चतरा

### ''एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2024''
### रिक्ति संबंधित सूचना

अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड, सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, चतरा द्वारा दिनांक– 09.01.2024 को चतरा कॉलेज चतरा के नजदीक हैलीपैड ग्राउंड में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निम्न नियोजकों ने अपनी रिक्तियों के विरूद्ध योग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु भाग लेने की सहमति प्रदान की है।

| Stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | Ram kripal Singh Construction Pvt Ltd. | Land Surveyor | 1 | Diploma in Civil Engineering | 25year+ | 5 years | Jharkhand, Bihar,Assam, West Bengal | 25000-35000 |
| | | Highway Engineer | 1 | B. Tech in Civil Engineering | 25 year+ | 5 years | | 25000-35000 |
| 02 | Rameshwar lal Khandewal School Chatra | Computer Teacher | 1 | BCA/B.SC.IT | 18-25 | 3-4 years | Chatra | 10000-12000 |
| | | Bio Teacher | 1 | M.SC +B.ED | 18-55 | 3-4 years | Chatra | 10000-12000 |
| | | Chemistry Teacher | 1 | M.SC +B.ED | 21-55 | 3-4 years | Chatra | 10000-12000 |
| | | Sanskrit Teacher | 2 | M.A +B.ED | 21-55 | 3-4 years | Chatra | 10000-12000 |
| 3 | R.S.W.M Ltd | Mobiliser | 5 | Graduation | 25 | 1 Years experience | Chatra | 10000+ incentive |
| | | District Mobilisation Manager | 1 | Graduation | 25 | 1 Years experience | Chatra | 20000+ incentive |
| 4 | RVPR Construction Pvt Ltd. | Welder | 4 | Matric Pass With ITI certificate any recognized board in india | 18-40 | 2 years | NTPC Tandwa Chatra | 709 /Day |
| | | Rigger | 4 | N/A | 18-35 | 2 years | | 589/Day |
| | | Khalasi | 3 | N/A | 18-40 | 0 Years | | 504 /Day |
| | | Helper | 5 | N/A | 18-40 | 0 Years | | 504 /Day |
| 5 | Atria Power Corporation Pvt Ltd. | SMO Trainer | 4 | 12th +TOT Certificate | 18 yr+ | 2 years | Chatra Tandwa | 15000-20000 |
| | | F.T.O.H.A (Electrician) Trainer | 4 | 12th +TOT Certificate | 18 yr+ | 2 years | | 15000-20000 |
| | | Mobilizer | 5 | 12th pass | No limit | ------- | | 10000-15000 |
| | | Retail Trainer | 4 | 12th +TOT Certificate | 18 yr+ | 2 years | | 15000-20000 |
| 6 | Delhi Public School | TGT/ANY SUB. | 2 | Graduation+ | 20+ | 1-2 Years | Chatra Tandwa | 15000 |
| | | TGT/Math | 2 | Graduation+ | 20+ | 1-2 Years | | 15000 |
| | | Computer Teacher | 1 | Graduation+ | 20+ | 1-2 Years | | 15000 |
| | | Draving / Staff | 1 | No Required | 20+ | 1-2 Years | | 12000 |
| | | PRT | 2 | 12th+ | 20+ | 1-2 Years | | 12000 |
| 7 | Commando Industrial Seurity Force | Housekeeping | 26 | 8Th /10Th | 21-45 | 1 Years | Chatra | 9162 |
| | | Security Guard | 28 | 8Th /10Th | 21-45 | 1 Years | Chatra | 9598 |
| | | Supervisor | 2 | Graduation | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Computer Operator | 7 | 12Th DCA/ADCA | 21-45 | 1 Years | chatra | 12653 |
| | | X- Ray Tech | 14 | 12Th Science , Diploma In X- Ray Tech | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Dresser | 20 | 12Th Diploma In Dresser | 21-45 | 1 Yeas | Chatra | 12653 |
| | | GNM | 62 | 12Th Science , Diploma In Nursing | 21-45 | 1 Years | chatra | 12653 |
| | | Pharmacist | 30 | B.Sc ,Diploma In Pharmacy | 21-45 | 1 Yrars | Chatra | 12653 |
| | | Lab Tech | 11 | B.Sc, Diploma In Lab Tech | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Registration Clerk | 2 | Graduation | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Electrician | 4 | Middle ,Diploma In Electrician | 21-45 | 1 years | Chatra | 12653 |
| | | Plumber | 4 | Middle Diploma In Plumber | 21-45 | 1 years | Chatra | 12653 |
| | | OT- Assiatant | 7 | 12Th Science , Diploma In Nursing | 21-45 | 1 years | Chatra | 12653 |
| | | Driver | 3 | Middle ,Moter Vechical School Trataning and Driving Licence | 21-45 | 1 Year | Chatra | 12653 |
| | | Generator Operator | 3 | 8Th /10Th ITI | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | ANM | 58 | 12Th Science Diploma In Nursing | 21-45 | 1 years | Chatra | 12653 |
| | | Post mortem Asst. | 2 | 8Th 10Th Autopsy technician | 21-45 | 1 years | Chatra | 12653 |
| | | Opthalmic Assistant | 1 | 12Th Science Diploma In Ophthalmic Assistant | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Accountand Cum Data Operator | 1 | B.Com Diploma In Accountand and Computer Operator | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Dietcian | 1 | 12 th Science Diploma In Dietcian | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Counseller | 1 | Diploma In Counseller | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| | | Rahabitation Therispt | 1 | 12 th 1Science Diploma In Rahabitation Therispt | 21-45 | 1 Years | Chatra | 12653 |
| 8 | Acme education Solution Pvt Ltd. | Gas Tungsten Arc Welding | 2 | Min. ITI Welder pass and preferably CTI/ATI cleared/ Diploma Mechanical | 18-35 | Min. ITI Welder pass and preferably CTI/ATI cleared/ Diploma Mechanical | Itkhori (Chatra ) | 8000-10000 |
| | | Dresser ( Medical | 2 | GNM/Paramedical/B. Sc. Nursing | 18-35 | *B.Sc. (Nursing) With one Year of experience * GNM/ANM with 3 years of experience | Itkhori (Chatra ) | 8000-10000 |
| | | Assistant Electrician | 4 | Degree in Electrical Engineering with one year experience in the relevant field. OR Diploma in Electrical Engineering with two years experience in the relevant field. OR NTC/NAC in the Trade of" Electrician" With 3 years experiencein the relevant field./CITS 2. *B. Voc/Degree in Mechanical Engineering form AICTE/UGE reconized Engineering College/CITS | 18-35 | Degree in Electrical Engineering with one year experience in the relevant field. OR Diploma in Electrical Engineering with two years experience in the relevant field. OR NTC/NAC in the Trade of" Electrician" With 3 years experiencein the relevant field./CITS 2. *B. Voc/Degree in Mechanical Engineering form AICTE/UGE reconized Engineering College/CITS | Chatra /Itkhori/ Hunterganj /Pratappur | 8000-10000 |
| | | Warehouse Associate | 4 | Logistics(Warehouse packging )/12th pASS | 18-35 | 2 Years experience | Itkhori/Chatra /Latehar/ Gumla/Ranchi | 8000-10000 |
| | | Muti Skill Technician | 4 | Diploma in Food Technology or Food Engineering with 4 years of hands on experience in a fruit and vegetable industry/bakery industry or | 18-35 | 2 Years experience | Itkhori (Chatra) | 8000-10000 |
| 9 | Spandana Sphoorty Financial Ltd. | LO Loan Officer | 15 | 12th +above | 20-27 | Fresher | All over Jharkhand | 12000 +Insentive |
| 10 | Tissa TVS | Tele Caller | 2 | 10Th | 22-35 | -- | Chatra | |
| | | Washing Boy | 2 | N/A | 22-40 | -- | Chatra | |
| 11 | JMD Services Pvt.Ltd & Frontline NCR business solution | Salesman | 5 | Graduation | 21 Years & Above | 2 Years | Ranchi | As per Govt. Norms |
| | | Salesman | 5 | Graduation | 21 Years & Above | 2 Years | Ranchi | As per Govt. Norms |
| 12 | Bests Job | Driver | 50 | 8 th | 20-35 | 2 Years | Ranchi | 12000-15000 |
| | | Customer Care Executive | 100 | 12th | 19-30 | 1 Years | Ranchi | 11000 |
| | | Custorian | 200 | 12th | 19-35 | No | Jharhand & Bihar All Districts Districts | 9400 |
| | | OD Collection | 50 | 12th | 19-35 | 1 Years | All Districts of Jharkhand | 13000 |
| | | Trainee Technician | 100 | ISC | 18-23 | No | Jamshedphur | 11000 |
| 13 | Svatantra Microfin Ltd | (TSFO)Filid Officer | 50 | 10th ,12th | 18-30 | 0/2 Years | Chatra and All Jharkhad | 10000 |
| | | Ro Collectior | 50 | 10th 12th | 18-28 | 6 Manth | | 10000 |
| | | Branch Manager | 20 | 12th Graduation | 18-30 | 1 Years on BM | | 15000 Negotiable |

दिनांक :– 09.01.2024
स्थान :– चतरा कॉलेज चतरा के नजदीक हैलीपैड ग्राउंड में।
समय :– 10:00 बजे से 04:00 बजे तक।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व में झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नही हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों ,उसकी एक छाया प्रति , अपना बायोडाटा (2 कॉपी) नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र की प्रति के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नही हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए सिर्फ नियोजक ही उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा हैं एवं चयन में नियोजनालय की कोई भूमिका नही होगी। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकते है।

नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय चतरा

PR 315101 Labour Employment and Traning (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### कैलाश चंद्र जाट बीएसएफ के नये आइजी नियुक्त



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा में नये बीएसएफ आइजी को नियुक्त किया गया। आइजी डीजे शर्मा की जगह कैलाश चंद्र जाट को नियुक्त किया गया है। कैलाश चंद्र को जम्मू-कश्मीर में सैन्य प्रशिक्षण और संचालन का अनुभव है। हालांकि, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कैलाश चंद्र जाट के पदभार संभालने के बाद जल्द ही नक्सलियों को दबाने की बड़ी योजना बन सकती है।

### ओड़िशा में दो संक्रमितों में मिला कोरोना का नया वैरिएंट जेएन 1

भुवनेश्वर। राज्य में कोविड का खौफ। पूरे ओडिशा से नये मामले सामने आ रहे हैं। इसके अलावा जेएन.1 के संक्रमितों का पहचान की गयी है। ओडिशा में कोरोना का नये वैरिएंट की पहचान की गई है। 2 नये कोरोना वेरिएंट में से जेएन.1 संक्रमित की पहचान की गयी है। 2 संक्रमित में से एक सुंदरगड जिले का है और एक अन्य का इलाज भुवनेश्वर के एक निजी चिकित्सा केंद्र में चल रहा है। स्वास्थ्य निदेशक डॉ बिजय महापात्र ने यह जानकारी दी। हालांकि, राज्य में कोरोना पॉजिटिव लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। 24 घंटे में 2 और नं. कोरोना पॉजिटिव लोगों की पहचान हुई है। राज्य में कुल संक्रमित लोगों की संख्या 25 है।

# सीएम ने 67 नये पदों को दी मंजूरी

- बीडीए एनफोर्समेंट को और अधिक कुशल और प्रभावी बनाया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ भुवनेश्वर को नया रूप देने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बढ़ती आबादी को देखते हुए शहर को सुंदर बनाने और विभिन्न बुनियादी ढांचे के निर्माण के उद्देश्य से अधिकारियों को एनफोर्समेंट कार्यों में विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को एनफोर्समेंट कार्य को अधिक कुशल और समन्वित बनाने के लिए भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण में 67 पदों के सृजन को मंजूरी दे दी। ये पद राज्य पुलिस प्रशासन द्वारा सृजित एवं भरे जायेंगे। ये पद 1 सहायक पुलिस आयुक्त, 6 सहायक पुलिस उप निरीक्षक और 60 पुलिस कांस्टेबल पद हैं।

भुवनेश्वर पूर्व भारत का एक तेजी से बढ़ता हुआ शहर है। ये पद शहरी नियोजित विकास के लिए काम करेंगे। भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव के अनुसार, पूरे भुवनेश्वर शहर में इन कार्यों के लिए 25 संयुक्त टीमों और 5 आरक्षित टीमों की आवश्यकता थी। प्रत्येक टीम में 2 पुलिस कांस्टेबल होंगे। इन टीमों के समन्वय एवं पर्यवेक्षण हेतु एक सहायक, 6 सहायक उपनिरीक्षक कार्य करेंगे। इन पदों को भरने से भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के लिए आवश्यक अतिक्रमणों को हटाने में सुविधा और तेजी आयेगी।

# टाटा स्टील फाउंडेशन की अपनी रिश्ता टीम ने मंथन यात्रा का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ढेंकानाल टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा अपनी रिश्ता (किशोरों द्वारा सुरक्षित यौन स्वास्थ्य के लिए क्षेत्रीय पहल) टीम के माध्यम से 'मंथन यात्रा' नामक कार्यक्रम ओडापड़ा ब्लॉक के विभिन्न स्थानों पर किया गया था। इस पहल का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और समुदाय के बीच यौन स्वास्थ्य, हरित कौशल, सोशल मीडिया और बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा शुरू करना था।

कार्यक्रम में ओडापड़ा ब्लॉक के लगभग 90 युवाओं की उत्साही भागीदारी देखी गयी, जो इस महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौती से निपटने के लिए लोगों की रुचि और सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। व्यंग्यात्मक नाटक, फोकस समूह चर्चा और विषयगत नृत्य जैसे नवीन तत्वों का उपयोग करते हुए इस कार्यक्रम ने खुली चर्चा के लिए एक शानदार मंच प्रदान किया।

अनुराधा गोस्वामी जिला शिशु सुरक्षा अधिकारी (डीसीपीओ) ढेंकानाल ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आज के युवाओं को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने में 'मंथन यात्रा' जैसी पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। ढेंकनाल सीडीपीओ अनुराधा गोस्वामी और टीएसएफ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधक गायत्री नायक ने युवाओं के साथ प्रेरणादायक संदेश साझा किये और सामाजिक मुद्दों पर सूचित निर्णयों के महत्व पर बात की।

टीएसएफ फील्ड स्वास्थ्य समन्वयक विनीता टस्पो, सुबास बेहेरा और कबिता धल ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

# कन्नौज में मुन्ना यादव के घर पर गरजा योगी सरकार का बुलडोजर

- बाप और बेटे ने मिल कर पुलिस टीम पर की थी फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता




**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस पर गोलीबारी कर एक सिपाही की हत्या करने वाले हिस्ट्रीशीटर अशोक कुमार उर्फ मुनुआ यादव का घर बृहस्पतिवार को बुलडोजर से गिरा कर ध्वस्त कर दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित पांच थानों की पुलिस मौजूद रही। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया था कि 25 दिसंबर की रात थाना क्षेत्र के धरनी धीरपुर नगरिया गांव में हिस्ट्रीशीटर को पकड़ने गई पुलिस टीम पर यादव, उसकी पत्नी और बेटे ने हमला बोल दिया और गोलीबारी शुरू कर दी। एसपी कहा कि इस दौरान सिपाही सचिन राठी (28) गोली लगने से घायल हो गए जिनकी कानपुर में उपचार के दौरान 25 दिसंबर की देर रात लगभग एक बजे मौत हो गई। उन्होंने बताया था कि पुलिस की जवाबी गोलीबारी में यादव और उसके बेटे को भी गोली लगी थी। दोनों को इलाज के लिए तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। धरनी धीरपुर नगरिया गांव में यादव ने ग्राम सभा की जमीन का अतिक्रमण कर तीन मंजिला मकान बनवाया था। मकान को अवैध बताते हुए उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने दो जनवरी को इसे ध्वस्त करने का आदेश दिया था। तहसीलदार अनुभव कुमार ने बेदखली की कार्रवाई की थी।

# हनी पटनायक कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन की उपाध्यक्ष बनीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के तहत वॉयस ऑफ सोआ कम्युनिटी रेडियो 90.4 की निर्देशिका हनी पटनायक को ऑल इंडिया कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन का राज्य उपाध्यक्ष चुना गया है। ऑल इंडिया कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन की मंजूरी के साथ ओडिशा में एक राज्य स्तरीय संघ का गठन किया गया है, नयागड जिले के दसपल्ला में 'रेडियो सुरवी' के मुख्य शिशिर कुमार दास को राज्य अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था, 'रेडियो उत्कल' के मुख अमिय भूषण बिस्वाल को संपादक के रूप में नियुक्त किया गया। रेडियो मुस्कान के धनेश्वर साहू को कोषाध्यक्ष, सोआ कम्युनिटी रेडियो के निदेशिका हनी पटनायक को उपाध्यक्ष और रेडियो बाघायतिन की मिनती बिंधानी को सह-संपादक के रूप में चुना गया है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदिप्त दत्त की अध्यक्षता में हाल ही में आयोजित बैठक में ओडिशा के सभी कम्युनिटी रेडियो सदस्य उपस्थित थे। इसके अलावा, कम्युनिटी रेडियो प्रमुख विकास महापात्र, सुजीत पटनायक, प्रभास सामंतराय, सौम्य रंजन नायक, प्रताप बारिक और लिंगराज सामंतराय को राज्य के विभिन्न हिस्सों में कम्युनिटी रेडियो के सदस्य के रूप में चुना गया है। गौरतलब है कि राज्य में फिलहाल 37 कम्युनिटी रेडियो संचालित हो रहे हैं।










# दिल्ली पुलिस ने दस लाख के इनामी हिजबुल के आतंकी को अरेस्ट किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी जावेद अहमद मट्टू को पकड़ा गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इसे गुरुवार को पकड़ा। बताया जा रहा है कि यह जम्मू-कश्मीर में कई हत्याओं में शामिल है। इसके सिर पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने बताया कि इकबाल अहमद पाकिस्तान जा चुका है। आतंकी की ट्रेनिंग ले चुका है।



**बारामुला के सोपोर का रहने वाला है जावेद :** आतंकी जावेद अहमद मट्टू उत्तरी कश्मीर के बारामुला के सोपोर का रहने वाला है। उसने 2009 में आतंक का रास्ता चुन लिया था। वह आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ जुड़ा हुआ था।

आतंकवादी जावेद की गिनती के हिजबुल के टॉप कमांडरों में होती है। हिजबुल के ज्यादातर कमांडर सुरक्षाबलों द्वारा मारे जा चुके हैं। इनमें टॉप दो ही कमांडर बचे हैं, जिनमें से एक पाकिस्तान भाग निकला है और एक जावेद मट्टू फरार चल रहा था।

# सिंबोसिस इंटरनेशनल ने अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू किये

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सिंबायोसि इंटरनेशनल (डीम्ड युननवसिटी) एआइयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है। ये परीक्षाएं यूनिवर्सिटी के स्थानों में अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों से ली जा रही हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एआइटी- जनरल (सिम्बायोसि एंट्रेन टेस्ट), एआइटी- लॉ सिंबायोसि लॉ एडमिशन टेस्ट हैं और सिंबायोसि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम शामिल हैं। इन परीक्षाओं को देश भर के 76 शहरों में कंप्यूटर बेस्ट टेस्ट मोड में किया जा रहा है। सिंबायोसि इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने 13 दिसंबर 2023 को एआइटी 2024 के सलिए रजिस्ट्रेशन प्रकिया शुरू की। इसके लिए आवेदन करीबन चार महीने तक जारी रहेंगे और महत्वाकांक्षी उम्मीदवार 12 अप्रैल 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। एआइटी का आयोजन 5 मई और 11 मई को होगा। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबासाइट www.set-test.org के माध्यम रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।







# कमिश्नरेट पुलिस को है डीप फेक चिंता, चुनिंदा अधिकारियों को दिया जा रहा जांच का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** आम चुनाव आ रहे हैं. सोशल मीडिया पर राजनेताओं की डीप फेक तस्वीरें और वीडियो घूम सक्ता हैं। डीप फेक वीडियो और फोटो को लेकर कमिश्नरेट पुलिस के लिए चुनौती बढ़ती जा रही है। कैसे पहचानें कि कौन सा सच है और कौन सा झूठ? कौन सी फोटो या वीडियो असली है या नकली? इसके लिए कमिश्नरेट पुलिस साइबर विशेषज्ञों से प्रशिक्षण ले रहे हैं। राजनीतिक हिंसा से ज्यादा डीप फेक वीडियो पुलिस के लिए चिंता का विषय है। क्योंकि सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो या फोटो के जरिए अफवाह फैलाने से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे। इसलिए पुलिस इससे कैसे निपटेगी इस पर एक कार्यशाला आयोजित की गयी है, जिसमें अनुभवी अधिकारियों को साइबर विषय को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। 20 साइबर एक्सपर्ट यह ट्रेनिंग दे रहे हैं।

सोशल मीडिया पर बहुत सारे दुश्मन हैं। साइबर अपराधी राजनेताओं को बदनाम करने के लिए विभिन्न हाई-टेक बॉडी-दूसरा, फेस-दूसरा तकनीकों के माध्यम से सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलायेंगे, डीसीपी ने कहा कि ये समाज के लिए अधिक घातक हैं, इसलिए अब से सतर्कता के साथ डीप फेक बनाने वालों को पकड़ने का प्रयास किया जायेगा।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**